हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, शनिवार 13 जून 2026




# 16 से खुलेंगी स्कूलें, तैयारियों में जुटा विभाग, जर्जर भवनों में नहीं होगी पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आगामी 16 जून से शुरू होने वाले नवीन शैक्षणिक सत्र को लेकर शिक्षा विभाग ने अभी से अपनी कमर कस ली है। डीईओ द्वारा एक पत्र जारी कर सभी प्राचार्यों, प्रधान पाठकों और प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाईस्कूल तथा उच्चतर माध्यमिक शालाओं के प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। सभी संस्था प्रमुखों को स्पष्ट रूप से आदेशित किया है कि इस वर्ष नया सत्र प्रारंभ होने से पहले स्कूल परिसरों में आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी तरह से दुरुस्त कर ली जाएं, ताकि बच्चों को स्कूल आने पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था का सामना न करना पड़े।

इस पूरे कार्य की पूर्णता रिपोर्ट जमा करने के लिए भी एक निश्चित समय-सीमा तय की गई है। जिसका कड़ाई से पालन करना अनिवार्य होगा। विभाग द्वारा जारी किए गए निर्देशों में मुख्य रूप से स्कूलों की साफ-सफाई और बुनियादी सुविधाओं पर सबसे ज्यादा जोर दिया गया है। आदेश के मुताबिक शाला खुलने से पूर्व पूरे परिसर, शौचालयों की गहन स्वच्छता और बच्चों के लिए स्वच्छ पेयजल की मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। इसके साथ ही कक्षाओं में ब्लैक बोर्ड, फर्नीचर तथा शिक्षण से संबंधित अन्य आवश्यक सामग्रियों की उपलब्धता को समय रहते जांचने कहा गया है। इतना ही नहीं स्कूलों के प्रशासनिक कामकाज को व्यवस्थित करने के लिए विभिन्न प्रकार के पंजियों जैसे पाठकान, बालकान, मध्यान्ह भोजन पंजी और अवकाश पंजी के साथ-साथ शिक्षकों की दैनिक डायरी को भी पूरी तरह से अपडेट रखने के निर्देश दिए गए हैं। नए सत्र की शुरूआत में ही समय सारिणी तैयार कर उसे नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने को कहा गया है, ताकि पहले दिन से ही पढ़ाई सुचारू रूप से चल सके।

## साफ-सफाई पर फोकस, जर्जर स्कूलों पर पढ़ाई की जगह वैकल्पिक व्यवस्था बनाने के निर्देश

### महत्वपूर्ण प्रमाण पत्र

सभी व्यवस्थाएं पूरी होने के बाद संस्था प्रमुखों को एक पूर्णता प्रमाण पत्र जमा करना होगा। यह प्रमाण पत्र संकुल प्राचार्य या शैक्षिक संकुल समन्वयक के माध्यम से विकासखंड कार्यालय में जमा किया जाएगा। किसी भी प्रकार की जानकारी या विभागीय समन्वय के लिए कार्यालय की आधिकारिक ई-मेल आईडी और खाद्य विभाग के टोल फ्री नंबर को स्कूल के सूचना पटल पर अपडेट करना होगा।

### जर्जर भवनों पर रोक, सतर्कता बरतने के निर्देश




छात्र सुरक्षा को सर्वोपरि रखते अत्याधिक जर्जर शाला भवनों में कक्षाओं के संचालन पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। ऐसी स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था के तहत अन्य भवनों में स्कूल संचालित किए जाएंगे। आगामी समय में आने वाले मानसून को देखते छात्र सुरक्षा के मद्देनजर विशेष सतर्कता बरतने की हिदायत दी गई है। स्कूलों को निर्देशित किया गया है कि वे खुले बिजली के तारों को दुरुस्त करवाएं तथा सर्प, बिच्छू एवं आकाशीय बिजली जैसी प्राकृतिक आपदाओं से बच्चों के बचाव के लिए पुख्ता प्रबंध करें।

### गणवेश, पुस्तक वितरण की तैयारी

आदेश में कहा गया है कि नए सत्र के लिए पाठ्य पुस्तकें, गणवेश और सरस्वती साइकिल जैसी सामग्री प्राप्त होते ही समय-सीमा के भीतर उनका वितरण और स्कैनिंग का कार्य पूरा कर लिया जाए। इसके अलावा शाला प्रवेशोत्सव की तैयारियां और कक्षा पहली, छठवीं एवं नवमी में नवप्रवेशी बच्चों के एडमिशन की प्रक्रिया को समय से पहले ही पूरा करने की बात कही गई है। मध्यान्ह भोजन को लेकर भी कड़े निर्देश हैं। जिसके तहत भोजन कक्ष की सफाई और भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए संचालक समूह तथा रसोइयों को जरूरी मार्गदर्शन देने को कहा गया है। सूचना पटल पर अधिकारियों के नाम, उनके मोबाइल नंबर और मध्यान्ह भोजन का मीनू लिखना भी अब अनिवार्य होगा।


हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
13 जून 2026
कूपन नं.
2



छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
▶ कोपा ▶ इलेक्ट्रिशियन
▶ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▶ डीजल मैकेनिक
▶ फायर टेक्नालॉजी
▶ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-15/06/26


## चार मई से दस जून तक चला सुशासन तिहार, जिले में लगाए गए 60 शिविर

# सुशासन तिहार में काम की मांग के 96% आवेदन, कुल 39% निराकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सुशासन तिहार का समापन हो गया है। करीबन 41 दिन तक चले इस अभियान के दौरान शहर से लेकर गांव तक शिविर लगाकर लोगों की शिकायतें और मांग के बारे में जानकर उनके निराकरण का प्रयास किया गया। जिले में इस शिविर के दौरान लोगों का भी खासा उत्साह देखने को मिला। यही कारण रहा कि जिलेभर में लगाए गए 60 शिविर में कुल 33 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। हालांकि इनमें लगभग 96 फीसदी आवेदन मांग के रहे। ऐसे में यह समझा जा सकता कि गांव से लेकर शहरों तक कई ऐसे कार्य हैं, जिनकी अब भी दरकार है। वहीं शिविर के दौरान करीबन 39 फीसदी आवेदन का निराकरण कर लिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार जिले में एक मई से 10 जून तक सुशासन तिहार शिविरों का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जनता की समस्याओं को सुनने के लिए बड़े प्रयास किए गए। आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार इस अभियान में जिलेभर से हजारों आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें से बड़ी संख्या में आवेदनों का निराकरण किया गया। स्थानीय चुनाव के कारण कुछ जगहों पर शिविर नहीं लग पाए, लेकिन बाकी जगहों पर लोगों में भारी उत्साह देखा गया।

जिले में सुशासन तिहार के तहत कुल 60 शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में कुल 34157 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें 33003 मांग और 1154 शिकायतें थी। कुल आवेदनों में से 13321 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है और शेष 20836 आवेदन अभी प्रक्रिया में है। ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद पंचायतों के माध्यम से कुल 27 शिविर आयोजित किए गए। यहां छुरिया और डोंगरगढ़ में आठ-आठ शिविर लगे। जबकि राजनांदगांव में सात और डोंगरगांव में चार शिविर आयोजित हुए। ग्रामीण इलाकों से कुल 28880 आवेदन आए। इनमें से 6524 आवेदनों का निराकरण किया गया। जबकि 22356 आवेदन अभी लंबित हैं।



### चुनाव के चलते घुमका में नहीं लगे शिविर

रिपोर्ट के अनुसार सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में 27 और शहरी क्षेत्र में 35 कुल 62 क्लस्टर तैयार किए गए थे। हालांकि नगर पंचायत घुमका में स्थानीय निर्वाचन होने की वजह से वहां तय दो क्लस्टरों में शिविर आयोजित नहीं किए जा सके। इसी वजह से शहरी क्षेत्रों में शिविरों की वास्तविक संख्या 35 के बजाय 33 ही रह गई। इस प्रकार सुशासन तिहार से जनता तक सीधे पहुंचने का प्रयास किया गया। यद्यपि लंबित आवेदनों की संख्या अभी अधिक है, लेकिन प्रशासन का दावा है कि शेष सभी मांगों और शिकायतों पर जल्द ही उचित निर्णय लिया जाएगा, ताकि नागरिकों को योजनाओं का लाभ मिल सके।

### शहरी क्षेत्रों में आवेदनों की स्थिति

यहां नगर निगम राजनांदगांव में सबसे ज्यादा 17 शिविर आयोजित हुए, जहां 1887 आवेदन मिले। इसके बाद नगर पंचायत डोंगरगांव से 1529 आवेदन आए। नगर पालिका डोंगरगढ़ से 813, नगर पंचायत छुरिया से 435 और नगर पंचायत लालबहादुर नगर से 216 आवेदन मिले। यहां नगर निगम राजनांदगांव में 351 और नगर पालिका डोंगरगढ़ में 113 आवेदनों का निपटारा हुआ।

### ग्रामीण क्षेत्रों में आवेदनों की स्थिति

यहां सबसे अधिक 8058 आवेदन जनपद पंचायत राजनांदगांव से प्राप्त हुए। इसके बाद छुरिया जनपद से 7996 आवेदन आए। आवेदनों के निराकरण में छुरिया सबसे आगे रहा, जहां 3122 आवेदनों को सुलझाया गया। जबकि राजनांदगांव में 1283 आवेदनों का निराकरण हो सका। डोंगरगढ़ और डोंगरगांव में क्रमशः 1150 और 969 आवेदनों का निपटारा हुआ। शहरी क्षेत्रों में सुशासन तिहार के तहत कुल 33 शिविर लगाए गए। इन निकायों में नगर निगम राजनांदगांव, नगर पालिका डोंगरगढ़, नगर पंचायत डोंगरगांव, छुरिया और लालबहादुर नगर शामिल थे। शहरी क्षेत्रों से कुल 5277 आवेदन पहुंचे। जिनमें 4731 मांग और 546 शिकायतें थी। यहां 650 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है और 4627 आवेदनों पर कार्रवाई बाकी है।

# गांव में अवैध शराब कार्रवाई की उठी मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के समीप ग्राम पंचायत गठुला क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री और शराबियों की छींटाकसी से परेशान महिलाओं ने एसपी कार्यालय पहुंचकर अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने मांग की है।

ग्राम पंचायत की सरपंच चित्ररेखा ठाकुर के साथ एसपी कार्यालय पहुंची दर्जनभर से अधिक महिलाओं ने कहा कि ग्राम गठुला में पिछले कुछ समय से अवैध शराब का कारोबार खुलेआम चल रहा है। मुख्य रूप से चौक-चौराहों में दिनभर शराब बेची जा रही है, जिसे रोकने वाला कोई नहीं है। गांव के कुछ लोगों द्वारा ही यहां पर अवैध शराब बेची जा रही है। महिलाओं ने कहा कि इससे मोहल्ले के युवाओं में नशे की लत बढ़ रही है। शराब पीकर लोग गाली-गलौज करते हैं। महिलाओं का घर से निकलना मुश्किल हो जाता है। विरोध करने पर शराबी मारपीट करने उतारू हो जाते हैं।

### जद में आ रहे युवा

अवैध शराब के खिलाफ शिकायत लेकर पहुंची महिल समूहों की महिलाओं ने कहा कि गांव में नशाखोरी बढ़ती जा रही है। खासकर रात के समय असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। नशे की वजह से कई परिवार आर्थिक और सामाजिक रूप से बर्बाद हो रहे हैं।

### आरोपियों को गिरफ्तार करने मांग

महिलाओं ने मांग करते कहा है कि उक्त स्थानों पर तुरंत छापेमारी कर अवैध शराब के कारोबार को बंद कराया जाए और दोषियों के विरूद्ध कड़ी कारवाई की जाए, ताकि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का माहौल बन सकेगा।

## शांतिभंग की आशंका दो पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** वाद-विवाद करने पर शांति भंग होने की आशंका पर दो अनावेदकों के खिलाफ बसंतपुर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 11 जून की शाम 4.30 बजे यह अपने समोसा दुकान शिव मंदिर के सामने में प्रार्थिया छोटी बहन के साथ दुकान में समोसे बेच रही थे। उसी समय मोनू यादव ऊर्फ भांगडा एवं राज वर्मा दोनों बैठकर शराब पी रहे थे। उनके दुकान में दोनों आए और हम दोनों बहनों को देखकर गाली देना शुरू कर दिया। दोनों को मना करने पर दुकान के पास आकर सारा समान फेंक दिया और जान से मारने की धमकी देते हाथ-मुक्का एवं लात से मेरे पीठ में मारपीट किया है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता दर्ज कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों द्वारा प्रार्थिया को पुनः हम लोगों के विरूद्व थाना में रिपोर्ट दर्ज कराए हो कहकर वाद-विवाद करने लगा। पुलिस को सूचना मिलने पर तत्काल टीम पहुंचकर आरोपियों को हिरासत मे लेकर उनके विरूद्व इस्तगाशा धारा 170, 126, 135(3) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत इस्तगाशा तैयार कर अनावेदकों को गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से जेल वारंट प्राप्त होने के पश्चात आरोपियों को जिला जेल दाखिल किया गया।

## घुमका नपं उपाध्यक्ष को लेकर फंसी भाजपा, नाम तय नहीं!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घुमका नगर पंचायत चुनाव के परिणाम सामने आने के बाद अब उपाध्यक्ष पद को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। प्रदेश में सत्ता में होने के बावजूद घुमका नगर पंचायत अध्यक्ष चुनाव में हार का सामना करने वाली भाजपा अब उपाध्यक्ष पद को लेकर कोई भी लापरवाही नहीं करना चाहती।

यही कारण है कि अब जिला संगठन से नाम तय करने की जगह निर्वाचित पार्षदों की बैठक के बाद ही उपाध्यक्ष को लेकर अपना प्रत्याशी तय किया जाएगा। इधर भाजपा के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नपं उपाध्यक्ष को लेकर भीतरखाने कई तरह का खेल चल रहा है। बताया गया कि नोहेंद्र सिन्हा का नाम लगभग इस पद के लिए फाईनल कर लिया गया है।

हालांकि पार्टी का एक पक्ष उनके नाम को लेकर तैयार नहीं है, लेकिन बताया जा रहा है कि यदि भाजपा उनको अपना प्रत्याशी नहीं बनाती है तो उन्हें नुकसान झेलना पड़ सकता है। ज्ञात हो कि 15 पार्षद वाले घुमका नगर पंचायत में भाजपा के दस पार्षद जीतकर आए हैं। वहीं कांग्रेस के चार एवं एक निर्दलीय पार्षद शामिल हैं।

## 58 पौवा शराब ले जाते दो पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई



अवैध रूप से शराब परिवहन किए जाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा। जिनसे 58 पौवा देशी शराब बरामद किया गया है। बाइक भी जब्त की गई है।

जिला केसीजी पुलिस टीम द्वारा नशे एवं आपराधिक गतिविधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 11 जून को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि विकेश टंडन एवं पुरुषोत्तम टंडन अवैध बिक्री हेतु अधिक मात्रा में शराब का परिवहन कर रहे हैं। दोनों आरोपियों से शराब के परिवहन एवं कब्जे के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, किंतु वे कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस द्वारा कुल 58 पौवा देशी मसाला रोमियो शराब जिसकी अनुमानित कीमत 5,800 रुपए है तथा परिवहन में प्रयुक्त मोटर साइकिल को जब्त किया गया। प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें गिरफ्तार किया गया तथा न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

### बोरी व थैले में रखे थे शराब

सूचना पर पुलिस टीम ने गंडई स्थित शराब भट्ठी रोड, नहर नाली एवं शव गृह के पास घेराबंदी की। कार्रवाई के दौरान विकेश टंडन को मोटर साइकिल के साथ पकड़ा गया। जिसके कब्जे से एक सफेद प्लास्टिक बोरी में रखे 29 पौवा देशी मसाला रोमियो शराब बरामद हुई। वहीं पैदल आ रहे पुरुषोत्तम टंडन के पास से एक थैले में 29 पौवा देशी मसाला रोमियो शराब बरामद की गई।

## ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 192 पर एक्शन, दस दिनों में वसूले 63 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पुलिस द्वारा लोगों को यातायात नियमों का पालन करने जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने के मामले में दस दिनों में 192 मामलों में वाहन चालकों पर कार्रवाई भी की गई है।



जिला केसीजी पुलिस टीम द्वारा जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों के प्रभावी पालन हेतु निरंतर जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। यातायात पुलिस द्वारा चौक-चौराहों, बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

इस दौरान वाहन चालकों को वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, मोटर साइकिल चलाते समय हेलमेट पहनने, मालवाहक वाहनों में सवारी न बैठाने, बिना नंबर प्लेट के वाहन का संचालन न करने, दोपहिया वाहन में तीन सवारी न बैठाने, शराब सेवन कर वाहन न चलाने तथा वाहन के आवश्यक दस्तावेज जैसे प्रदूषण प्रमाण-पत्र, फिटनेस, बीमा एवं ड्राइविंग लाइसेंस अद्यतन रखने की समझाइश दी जा रही है।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध 1 से 10 जून तक मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत कुल 192 प्रकरणों में कार्रवाई करते 63,100 रुपए का समन शुल्क, अर्थदंड अधिरोपित किया गया। जिसमें बिना नंबर प्लेट वाहन 47, तीन सवारी 44, बिना हेलमेट 8, बिना सीट बेल्ट 14, मालवाहक वाहन में सवारी बैठाना 3, शराब पीकर वाहन चलाना 5, प्रेशर हॉर्न का उपयोग 20, नाबालिग द्वारा वाहन संचालन 1, काला शीशा 1, मोबाइल फोन पर बात करते वाहन चलाना 1 व अन्य धाराएं 48 प्रकरणों पर कार्रवाई की गई।

### लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई

शराब सेवन कर वाहन चलाते पाए गए चालकों को न्यायालय खैरागढ़ में प्रस्तुत किया जा रहा है। साथ ही प्रकरणों के निराकरण उपरांत संबंधित चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन हेतु परिवहन विभाग को प्रेषित किए जा रहे हैं। मालवाहक वाहनों में सवारी परिवहन करते पाए जाने वाले चालकों के विरुद्ध भी लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई निरंतर जारी है।

### माए एंगल




## अंचल में बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी, तापमान भी लुढ़केगा

# मानसून से पहले अगले 5 दिन भिगोएगा प्री-मानसून

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नौतपा के समापन के बाद क्षेत्र में मौसम का मिजाज बदलता नजर आ रहा है। पिछले कुछ दिनों से तेज गर्मी के बीच अब उमस भरी गर्मी और बादलों के साथ धूप-छांव का दौर बना हुआ है। मौसम में आए इस बदलाव के बाद भी गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। वहीं किसानों की नजरें अब मानसून और आगामी वर्षा पर टिकी हुई है।

क्षेत्र के किसान खरीफ सीजन की तैयारियों में जुट गए हैं। खेतों की सफाई, मेड़ों की मरम्मत तथा प्रारंभिक कृषि कार्यों की शुरूआत कर दी गई है। कई किसान खाद एवं बीज की व्यवस्था करने में लगे हुए हैं, ताकि समय पर वर्षा होने पर बुवाई का कार्य शुरू किया जा सके।



### मौसम पर पैनी नजर

इन दिनों ज्येष्ठ माह चल रहा है, लेकिन नौतपा के समापन पश्चात अब बेसब्री से अंचल के किसानों को मानसून के दस्तक का इंतजार है। जिससे किसानी कार्य को कुछ गति मिल पाए। किसानों ने खेत खलिहानों को व्यवस्थित कर लिया है। कई किसान अभी भी खेत खलिहानों को व्यवस्थित करने पशु के चारा की व्यवस्था के साथ-साथ बीज, खाद, इत्यादी की व्यवस्था में जुटे हुए हैं। किसानों को इस वर्ष भीषण गर्मी को देखते हुए बेहतर बारिश होने की उम्मीद है। किसानों सहित आम लोगों की पैनी नजर मौसम पर बनी हुई है।

### खंडित रहा नौतपा

ज्ञात हो कि 25 मई से शुरू हुए नौतपा का समापन 2 जून को हो गया है। इस दौरान भीषण गर्मी का वातावरण रहा। तापमान 45 से 46 डिसे तक रहा। सुबह से लेकर देर शाम तक गर्म हवाओं के थपेडे एवं भभकती गर्मी से लोगों का हाल बेहाल रहा। हालांकि नौतपा खंडित रही। इस दौरान हल्की बूंदाबांदी एवं अंधड का भी दौर रहा। किसानों की ऐसी मान्यताएं हैं कि नौतपा के दौरान जितनी गर्मी पड़ती है, उतना ही बेहतर बारिश होने की संभावना रहती है।

### कृषि से जुड़े दुकानों में किसानों की उपस्थिति

ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि से जुड़े बाजारों और दुकानों पर भी किसानों की आवाजाही बढ़ गई है। किसान मौसम के बदलते रूख पर पैनी नजर बनाए हुए हैं और अच्छी वर्षा की उम्मीद कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि समय पर मानसून आने और पर्याप्त बारिश होने से फसलों की बुवाई तथा उत्पादन बेहतर होने की संभावना रहेगी। मौसम में बदलाव के बीच कृषि गतिविधियों में तेजी आने लगी है और ग्रामीण अंचलों में खरीफ फसल सीजन को लेकर उत्साह का माहौल दिखाई दे रहा है।

## खबर संक्षेप



### विकास के पुरोधा थे विद्याचरण शुक्ल

**डोंगरगढ़।** जिला इंका ग्रामीण के सचिव विष्णु लोधी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व विद्याचरण शुक्ल की पुण्यतिथि पर नमन करते हुए उन्हे जनसेवा और विकास के प्रति समर्पण का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि विद्या भैया ने छत्तीसगढ़ की पहचान, अधिकारों और विकास के लिए सदैव मुखर होकर आवाज उठाई। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की भावना को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती प्रदान करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने कहा कि स्व श्री शुक्ल के विचार, संघर्ष और जनसेवा की विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देते रहेगी। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष हरीश भंडारी, रिम्मी भाटिया, संध्या देशपांडे, शिशुपाल भारती, जितेन्द्रसिंह भाटिया, रामजी तराने, अनिल गट्टानी, प्रदीप शर्मा, सुरेश सिन्हा, दशरथ सिन्हा, सुदेश मेश्राम, सरिता,निधि गजभिए, नरेश करसे, सुमित, विरेन्द्र पाल, ललिता साकरे आदि उपस्थित थे।

### नाली में कचरा जाम



**अंबागढ़ चौकी।** मानसून के आने के पूर्व शहर की नालियों की अब तक सफाई नहीं हो सकी है। नगर के पुलिस थाना के पास बस स्टैंड से लगी हुई नाली में गंदगी भरी पड़ी है। गंदगी के चलते गंदा पानी पार नहीं हो रहा है। बारिश होने से नाली की गंदगी सड़क पर आ सकती है जिससे लोगों को परेशान होना पड़ सकता है। नागरिकों ने बताया कि बारिश के दिनों में नाली जाम की शिकायत आम है। परेशानी को देखते हुए नागरिकों ने नगर प्रशासन से नालियों की सफाई कराने की मांग की है ताकि आने वाले दिनों में परेशानी न हो।


**// आम सूचना //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार (1) श्रीमती रेणुका गुप्ता पति श्री गोपाल गुप्ता एवं (2) श्रीमती निकीता गुप्ता पति श्री संदीप गुप्ता, निवासी-सिनेमा लाईन, उज्जवल ज्वेलर्स के सामने, शहर तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा भूमिस्वामी/विक्रेता श्री धर्मेन्द्र बंजारे पिता श्री मन्नू राम बंजारे निवासी ग्राम पनेका तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) से उनके नाम स्वामित्व की भूमि स्थित ग्राम-झींका, सुखरी, प.ह.नं. 20, रा.नि.मं. आरी, तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.) के खसरा नंबर 164, रकबा 0.13 एकड़ को खरीदने बाबत पक्का सौदा कर इकरारनामा सौदा पत्र दिनांक 11/03/2026 को निष्पादित कर बयाना राशि अदा कर दिया है, केवल सौदासुदा भूमि का विक्रय पत्र का पंजीयन तहरीर करना शेष है।

अतः सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि जिस किसी की भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय / अर्धशासकीय निकाय जो उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में हित रखता हो अथवा उक्त भूमि के सौदा के संबंध में वैध कारणों सहित दावा-आपत्ति करना चाहता हो वह इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर वैध दस्तावेजों सहित मेरे कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, सूचना प्रकाशन के 07 दिन की अवधि अवसान के उपरांत मेरे पक्षकारगण विक्रेता/भूमिस्वामी को शेष प्रतिफल की रकम अदा कर पंजीकृत विक्रय पत्र निष्पादित करवा लेंगे तथा अवधि अवसान पश्चात की गई कोई भी दावा-आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

राजनांदगांव (छ.ग.)
दिनांक- 13/06/2026

भवदीय
**त्रिदेव साहू** (अधिवक्ता)
कार्यालय- 26, गोकुलधाम सोसाइटी,
गोकुल नगर के पास, राजनांदगांव (छ.ग.)
मोबाईल नं.- 7999880804


## अवैध प्लाटिंग से सरकारी जमीन की रजिस्ट्री तक खुलते गए राज

# जांच शुरू होते ही निर्माण पर लगी रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

एडवर्ड चिल्ड्रन पार्क, घास भूमि, छोटे झाड़ के जंगल और कथित सरकारी जमीन की खरीद-फरोख्त से जुड़े बहुचर्चित मामले में आखिरकार प्रशासन को सख्त कदम उठाना पड़ा। लगातार दस्तावेजों के आधार पर हो रहे खुलासों के बाद मामला प्रशासन के संज्ञान में आया, संभाग आयुक्त स्तर से जानकारी तलब की गई और अब उच्चस्तरीय जांच शुरू होते ही विवादित भूमि पर चल रहे निर्माण कार्यों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। इस पूरे मामले का खुलासा चरणबद्ध तरीके से सामने आया। सबसे पहले कथित अवैध प्लाटिंग का मामला उजागर हुआ। इसके बाद सामने आया कि लगभग 85 हजार वर्गफीट भूमि को 22 हिस्सों में विभाजित कर विक्रय किया गया। फिर नगर एवं ग्राम निवेश विभाग के दस्तावेजों में प्लाटिंग को स्वीकृति नहीं मिलने की जानकारी सामने आई।

इसके बाद राजस्व अभिलेख, नजूल रिकॉर्ड, मेंटेनेंस खसरा, 1974 की रजिस्ट्री और 1948 की निजी संपत्ति सूची जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों ने पूरे प्रकरण को और गंभीर बना दिया। जांच के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि जिन भूमि खसरों को विभिन्न रिकॉर्ड में सड़क, रास्ता, घास भूमि, छोटे झाड़ का जंगल अथवा शासकीय भूमि के रूप में दर्ज बताया गया है, उसी क्षेत्र से जुड़े हिस्सों पर निजी स्वामित्व और रजिस्ट्री के दावे किए जा रहे हैं। वहीं 1948 में रियासत विलय के समय तैयार निजी संपत्तियों की सूची में एडवर्ड पार्क का नाम नहीं मिलने से मूल स्वामित्व को लेकर नए सवाल खड़े हो गए हैं।

## प्रशासन ने उठाया सख्त कदम

### कलेक्टर ने की सात सदस्यीय जांच समिति गठित

लगातार सामने आ रहे तथ्यों और शिकायतों के बाद संभाग आयुक्त के निर्देश पर कलेक्टर ने सात सदस्यीय जांच समिति गठित की। जांच आदेश जारी होने के कुछ ही दिनों बाद नगर पालिका ने विवादित भूमि पर चल रहे निर्माण कार्यों को यथास्थिति में रखने का आदेश जारी कर दिया। इसका सीधा अर्थ है कि जांच पूरी होने तक अब वहां कोई नया निर्माण नहीं किया जा सकेगा। मामला अब केवल अवैध प्लाटिंग तक सीमित नहीं रह गया है। जांच इस बात की भी होगी कि यदि भूमि सार्वजनिक उपयोग, पार्क, घास भूमि या शासकीय प्रकृति की थी तो उसका विभाजन, रजिस्ट्री और विक्रय किस आधार पर हुआ। साथ ही यह भी देखा जाएगा कि संबंधित प्रक्रियाओं में कहीं नियमों का उल्लंघन तो नहीं हुआ। अब आम जनता की नजर जांच समिति की रिपोर्ट पर है। क्योंकि यह मामला केवल करोड़ों रुपये की जमीन का नहीं, बल्कि इस सवाल का भी है कि क्या सरकारी और सार्वजनिक संपत्तियों से जुड़े मामलों में जवाबदेही तय होगी या नहीं। फिलहाल इतना तय है कि लगातार परत दर परत खुलासों के बाद शुरू हुई यह जांच अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है।



### रिपोर्ट पर टिकी निगाहें

नगर पालिका के इस कदम के बाद पूरा मामला नए चरण में प्रवेश कर गया है। अब लोगों की निगाहें गठित जांच टीम की रिपोर्ट पर टिकी हैं, क्योंकि इसी रिपोर्ट के आधार पर आगे की प्रशासनिक कार्रवाई तय होगी। यदि जांच में अवैध प्लाटिंग, भूमि उपयोग नियमों के उल्लंघन या अभिलेखीय अनियमितताओं की पुष्टि होती है, तो यह मामला केवल भूमि विवाद तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि रजिस्ट्री, नामांतरण, भवन अनुज्ञा और संबंधित विभागों की भूमिका की भी व्यापक जांच का आधार बन सकता है।

### नोटिस जारी

निर्माण कार्य को जांच पूरी होने तक यथास्थिति में रखने का नोटिस जारी किया है।

**- पुनीत वर्मा,** सीएमओ

### नोटिस लेने से इंकार करने पर प्रशासन ने कर दिया चस्पा

जमीन से जुड़े बहुचर्चित भूमि विवाद में पहली बार प्रत्यक्ष प्रशासनिक कार्रवाई सामने आई है। नगर पालिका परिषद ने विवादित भूमि पर निर्माण करा रहे पक्षों को नोटिस जारी कर जांच पूरी होने तक निर्माण कार्य को यथास्थिति में रखने के निर्देश दिया हैं। नपा द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि नगर क्षेत्र के खसरा नंबर 167, 169 एवं 170 तथा नजूल भूखंड प्लॉट नंबर 114 और 115 को लेकर अवैध प्लाटिंग और भूमि के शासकीय स्वरूप संबंधी मामले लगातार समाचार पत्रों में प्रकाशित हो रहे हैं। साथ ही विभिन्न व्यक्तियों द्वारा भी शिकायतें प्रस्तुत की गई हैं। इसी आधार पर प्राप्त शिकायतों और विभागीय प्रतिवेदनों के सूक्ष्म परीक्षण के लिए जांच टीम गठित की गई है। नोटिस में यह भी कहा गया है कि मामले में नजूल अधिकारी द्वारा आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन नगर पालिका को भेजा गया हैं। जांच के दौरान किसी प्रकार की नई स्थिति उत्पन्न न हो, इसलिए संबंधित निर्माणाधीन भवनों को फिलहाल वर्तमान स्थिति में ही बनाए रखने का सीधे उन व्यक्तियों को जारी किया गया है जिनके द्वारा विवादित क्षेत्र में निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्माण कर रहे लोगो के नोटिस लेने से इनकार करने पर वहा नोटिस चस्पा कर दिया गया है। नपा ने अपने नोटिस में भवन निर्माण अनुज्ञा की शर्त क्रमांक 15 का भी हवाला दिया है। इस शर्त के अनुसार यदि कोई भूखंड अवैध प्लाटिंग का हिस्सा पाया जाता है तो उस पर जारी भवन अनुज्ञा स्वतः निरस्त मानी जाएगी। ऐसे में जांच रिपोर्ट का निष्कर्ष केवल निर्माण कार्यों पर ही नहीं, बल्कि संबंधित भूखंडों की वैधानिक स्थिति पर भी प्रभाव डाल सकता है।

## छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

संस्कृति विभाग द्वारा संचालित अर्थाभावग्रस्त होनहार युवा कलाकारों/छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 26-27 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 20 से बढ़ाकर 30 जून कर दिया गया है।

संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा द्वारा इस संबंध में रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय और जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी कर योजना के पात्र विद्यार्थियों व युवा कलाकारों की प्रविष्टियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया हैं।

योजना की नियमावली अनुसार गुरु शिष्य परंपरा अंतर्गत पिछले छह माह से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पात्र प्रशिक्षार्थी छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं। संबंधित स्कूलों, महाविद्यालयों से पात्र विद्यार्थियों की प्रविष्टियां समय-सीमा के भीतर दर्ज कराने और प्रक्रिया पूरी होने के बाद इसकी सूचना पत्र के माध्यम से संबंधित कार्यालय को भेजने कहा गया है।

विभाग की इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली युवा कलाकारों को प्रोत्साहन प्रदान कर उनकी कला साधना को आगे बढ़ाना है। पात्र विद्यार्थी व कलाकार 30 जून 26 तक आवेदन जमाकर योजना का लाभ ले सकते हैं।

# खाद की कालाबाजारी, उर्वरक केंद्रों पर जनपद अध्यक्ष के निर्देश पर अधिकारी रहेंगे तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

खरीफ वर्ष में किसानों को गुणवत्तायुक्त खाद-बीज उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने, उर्वरकों की कालाबाजारी और अधिक कीमत वसूली पर रोक लगाने के उद्देश्य से कृषि विभाग की समीक्षा बैठक हुई।

जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ. राजेश्री शैलेंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता मे आयोजित बैठक मे कृषि विभाग सभापति कोमल सिंह, जनपद पंचायत सीईओ हिमांशु गुप्ता, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एके घोरमारे, सहायक संचालक कृषि लुकमान साहू सहित समिति सदस्य एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। जनपद अध्यक्ष के दिशा निर्देश पर किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं कृषि आदानों की उपलब्धता पर विस्तृत चर्चा बाद किसानों से प्राप्त शिकायतों के आधार पर यह निर्णय लिया गया कि पंजीकृत उर्वरक व बीज विक्रेताओं द्वारा रसायनिक खादों के वितरण और मूल्य की नियमित निगरानी की जाएगी।

विशेष रूप से यूरिया, डीएपी तथा अन्य उर्वरकों की बिक्री शासकीय दर पर सुनिश्चित करने के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों की ड्यूटी कृषि केंद्रों में लगाई जाएगी जनपद अध्यक्ष डॉ राजेश्री शैलेन्द्र त्रिपाठी ने निर्देश दिया कि नियुक्त अधिकारी प्रतिदिन सुबह 9 से शाम 6 बजे तक निर्धारित केंद्रों में उपस्थित रहकर खाद वितरण व्यवस्था की निगरानी करेंगे। किसानों को खाद उपलब्धता की जानकारी देने के लिए संबंधित केंद्रों की सूची के आधार पर कोटवारों व रोजगार सहायकों के माध्यम से मुनादी कराई जाएगी ताकि किसानों को यह जानकारी मिल सके कि किस कृषि केंद्र से उर्वरक प्राप्त किया जा सकता है। बैठक में पारित निर्णय बाद उप संचालक कृषि राजकुमार सोलंकी ने जिले के 30 उर्वरक दुकानो पर ग्रामीण कृषि विकास अधिकारियों व कृषि विकास अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी है जो शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित कृषि केंद्रो मे वितरण सहित अन्य व्यवस्था की मानिटरिंग करेंगे।

# शराब दुकान में ओवररेटिंग, उप निरीक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

- दुकानदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज

गंडई स्थित कंपोजिट मदिरा दुकान में तय कीमत से अधिक में शराब बेचने का मामला सामने आया है। इस अनियमितता पर कड़ा रुख अपनाते हुए आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। आबकारी आयुक्त ने गंडई वृत्त के प्रभारी और आबकारी उप निरीक्षक प्रभाकर सिरमौर को कर्तव्य पालन में लापरवाही और शिथिल नियंत्रण का दोषी पाते हुए निलंबित कर दिया है। अवैध रूप से अधिक पैसे वसूलने वाले सेल्समैन के खिलाफ भी आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई राज्य स्तरीय उड़नदस्ता द्वारा आकस्मिक निरीक्षण के बाद हुई है। उड़नदस्ता की टीम ने शिकायत की पुष्टि के लिए एक फर्जी ग्राहक को गंडई की कंपोजिट शराब दुकान में भेजा था। वहां तैनात विक्रेता वेदप्रकाश निर्मलकर ने शासन द्वारा निर्धारित दरों का उल्लंघन किया। उसने तीन पाव देशी मदिरा प्लेन जिसकी तय कीमत से 10 रुपए अधिक वसूलते हुए 250 रुपए में दिया था।

### पुष्टि के बाद प्रकरण पंजीबद्ध

ओवररेटिंग का मामला पकड़ में आने के बाद सेल्समैन वेदप्रकाश निर्मलकर के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 39 (ग) के तहत अधिक दर पर मदिरा विक्रय का प्रकरण पंजीकृत किया गया है। उड़नदस्ता की जांच रिपोर्ट के आधार पर अधिकारियों ने पाया कि यह गंभीर अनियमितता सीधे तौर पर वृत्त प्रभारी के लचर पर्यवेक्षण को दर्शाती है, जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत है। इसी आधार पर आबकारी आयुक्त ने आबकारी उप निरीक्षक प्रभाकर सिरमौर को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 9 (1) के तहत सस्पेंड कर दिया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय कार्यालय उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता दुर्ग संभाग निर्धारित किया गया है। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। विभाग की इस सख्त कार्रवाई से अन्य मदिरा दुकानों के अमले में हड़कंप मच गया है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं को दी योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुसरा

मुसरा- मुरमुंदा मंडल की मासिक बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए मंडल, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर नियमित बैठकों के आयोजन तथा योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया।

बैठक में मंडल प्रभारी चंद्रिका प्रसाद डड़सेना ने मोदी सरकार की उपलब्धियों, विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी कार्यकर्ताओं को दी। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन बूथ स्तर तक मजबूत होना चाहिए। बैठक में कम उपस्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए मंडल पदाधिकारियों एवं विभिन्न मोर्चों के जिम्मेदारों से नियमित सहभागिता सुनिश्चित करने की बात कही।

बैठक में रामावतार वर्मा, तीजऊ वर्मा, नकुल वर्मा, अजय सिन्हा, लोमस वर्मा, पुरुषोत्तम देवांगन, मूलचंद साहू, उत्तम साहू, दुर्गेश कुमार, ललेश साहू, सलेखा वर्मा, पप्पू देवांगन, दिनेश साहू, गिरधारी साहू सहित अन्य मौजूद थे।



### गतिविधियां तेज करने के निर्देश

मंडल सह प्रभारी रामकुमार गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक माह मंडल, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर की बैठकें तथा मन की बात सहित संगठन के सभी कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएं। बैठक को मूलचंद लोधी, प्रशांत कोड़पे एवं लता सिन्हा ने भी संबोधित किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण वर्मा ने आगामी एक सप्ताह के भीतर सभी मोर्चों, प्रकोष्ठों, बूथ अध्यक्ष, प्रभारी, संयोजक एवं सह-संयोजकों के गठन की प्रक्रिया पूर्ण करने की घोषणा की। बैठक का संचालन तामेश्वर साहू और अंत में आभार प्रदर्शन भूपेंद्र वर्मा ने किया।

## साहू समाज के विकास का संकल्प

**डोंगरगांव।** जिला साहू संघ के लिए कल 14 जून को मतदान होना है जिसे लेकर उत्साह का वातावरण बना है। विकास पैनल ने सदस्यों से समर्थन एवं सहयोग की अपील करते हुए समाज हित में कार्य करने का संकल्प दोहराया है। पैनल के उम्मीदवारों का कहना है कि समाज की प्रगति, संगठन की मजबूती तथा युवा एवं महिला सहभागिता को बढ़ावा देना उनकी प्राथमिकता होगी। पैनल की ओर से अध्यक्ष पद पर अमलीडीह निवासी टोमन साहू मैदान में हैं। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए कुमर्दा के जीवनलाल साहू, अंजु साहू तथा संगठन सचिव पद के लिए इंदु साहू ने दावेदारी की है। पैनल का विश्वास है कि समाज के वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन, युवाओं के उत्साह और मातृशक्ति के सहयोग से संगठन को ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। पैनल का कहना है कि समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलना, संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करना, सामाजिक समरसता को बढ़ावा, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक विकास के अवसरों का निर्माण उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा।



## संगठनात्मक गतिविधियां को मिलेगी गति

# भाजपा किसान मोर्चा में मनोनयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर तथा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की सहमति से भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष दादूराम सोनकर ने संगठनात्मक कार्यों को देने के 9 मंडलों की सूची जारी की है।

जानकारी के अनुसार राजनांदगांव उत्तर मंडल में अध्यक्ष खेमलाल साहू, उपाध्यक्ष नंदलाल साहू, महेन्द्र नेताम, कृष्णा साहू, उमेश साहू, निलेश साहू, महामंत्री अनिल साहू, कृष्णा तिवारी, मंत्री अगनूराम साहू, पुनेश देवांगन, पवन साहू, छत्रपाल दुबे, उमेन्द्र सोनकर, कोषाध्यक्ष लोकेश्वर साहू, मीडिया प्रभारी योगेश साहू, सह-मीडिया प्रभारी रमेश देवांगन, कार्यालय मंत्री अनिल पटेल को बनाया गया है।

इसी प्रकार राजनांदगांव दक्षिण मंडल अध्यक्ष फागूराम साहू, उपाध्यक्ष गिरधर साहू, भीमनारायण साहू, भानुप्रताप साहू, दीपक निर्मलकर, महामंत्री परशुराम प्रजापति, पूरन सिंग गोंड, मंत्री संगीता हुमने, भुनेश्वरी सिन्हा, दुबेश प्रजापति, संतोष सोनकर, हीरा सोनकर, कोषाध्यक्ष सुरेश सिन्हा, राजनांदगांव ग्रामीण पश्चिम मंडल अध्यक्ष तेजराम देवांगन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, सुखीराम साहू, बसंत निषाद, मिथलेश साहू, गिरधारी देवांगन, महामंत्री गोपाल साहू, छत्रपाल वर्मा, मंत्री रंजन साहू, ओरान साहू, चोवाराम, नेमल साहू, कोषाध्यक्ष कन्हैया साहू, सह-कोषाध्यक्ष सुजीत वर्मा, कार्यालय मंत्री रामदास साहू, प्रवक्ता छोटेलाल साहू, मीडिया प्रभारी भुवन साहू, सोशल मीडिया प्रभारी झामेश्वर साहू, डोंगरगढ़ शहर मंडल अध्यक्ष रामकुमार डड़सेना, उपाध्यक्ष ममता बहेकर, बीरबल साहू, मनजीत ठाकुर, शेखर विश्वकर्मा, महामंत्री अजय शर्मा, अजय दुबे, मंत्री श्याम आशरे सिंह, सुधा श्रीवास्तव, रामस्वरूप पटेल, पुष्पा कुमार यादव, युवराज तेलकर, कोषाध्यक्ष नरेन्द्र लाउत्रे, मीडिया प्रभारी सतीश यादव, सोशल मीडिया प्रभारी पंकल लाउत्रे, घुमका मंडल अध्यक्ष राकेश साहू, उपाध्यक्ष राजकुमार संधारे, दिनेश वर्मा, खुलेश कुमार साहू, महामंत्री काशीनाथ साहू, नुनकरण वर्मा, मंत्री मंगलूराम साहू, अनिल यादव, अर्जुन पटेल, कमलेश वर्मा, कोषाध्यक्ष मनीष वर्मा, मीडिया प्रभारी हेमदास, सोशल मीडिया प्रभारी खेमन दास बनाए गए हैं।

### सभी वर्ग के लोगों को मिला मौका

जानकारी के अनुसार डोंगरगांव मंडल में अध्यक्ष खेमूदास साहू, उपाध्यक्ष राजेन्द्र साहू, साकेत गंजीर, रोशन देवांगन, जनकलाल साहू, महामंत्री यदुलाल नायक, श्रवण कुमार निषाद, मंत्री पन्नालाल यादव, जयसिंह राजपूत, ललित सिन्हा, पुनितराम साहू, कोषाध्यक्ष कामता पटेल, सह-कोषाध्यक्ष डिलेश्वर साहू, मीडिया प्रभारी उमाकांत पटेल, सह-मीडिया प्रभारी प्रमेंद्र देवांगन, सोशल मीडिया प्रभारी रामा ठाकुर, कार्यालय मंत्री कुशल यादव, लाल बहादुर नगर मंडल अध्यक्ष योगेश सोनी, उपाध्यक्ष तरूण देवांगन, चोवाराम वर्मा, अंबे निषाद, ताम्रध्वज मंडावी, पवन सिन्हा, महामंत्री सुखनंदन मंडावी, राजू साहू, मंत्री गणेशु सिन्हा, लोचन वर्मा, दिलिप कंवर, हुमेन्द्र वर्मा, कोषाध्यक्ष रोहित यादव, मीडिया प्रभारी पुप्पेन्द्र देवांगन, सोशल मीडिया प्रभारी नितिन उईके, कार्यालय मंत्री बसंत साहू, छुरिया मंडल अध्यक्ष टीकम साहू, उपाध्यक्ष फागुराम साहू, शत्रुहनलाल चंद्रवंशी, यादोदास वैष्णव, अर्जुन साहू, संतोष सिन्हा, महामंत्री प्रीतम साहू, केदार यादव, मंत्री कीर्तनलाल साहू, गणीराम कुंजाम, शांताराम पंचारे, कुंवरलाल साहू, बसंतराम, कोषाध्यक्ष नरेश साहू, सह-कोषाध्यक्ष योगेश्वर पटेल, मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र साहू, सह-मीडिया प्रभारी राजेश मोंगरे, कार्यालय प्रभारी प्रकाश साहू, सह-कार्यालय प्रभारी देवदास सिन्हा, गैंदाटोला मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू, उपाध्यक्ष कोमल दास साहू, ढालसिंह वर्मा, महेश यदु, चतुर साहू, सोनाराम कौशिक, निकिता साहू, महामंत्री रामपाल साहू, भारत पटेल, मंत्री रामकुमार साहू, मुरली साहू, भारत वर्मा, शांतिबाई, अशोक साहू, कोषाध्यक्ष नरेश साहू, सोशल मीडिया प्रभारी द्रोणाचार्य, कार्यालय प्रभारी दिलीप राम साहू हैं।

# जल संरक्षण के लिए निकली गांव में जल यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देवादा एवं सलोनी में जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जलयात्रा का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत के सहयोग एवं बिहान के प्रयास से आयोजित इस कार्यक्रम में पदमश्री फूलबासन यादव ने जलयात्रा का नेतृत्व करते हुए गांव की गलियों में भ्रमण किया तथा ग्रामीणों को जल संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में हरियाली बहन मिलेट मित्र के संस्थापक शिव कुमार देवांगन, सरपंच सुनीति साहू, गिरजा तारम, संगीता, धनेश्वरी, राधिका, रेशमी, कौशिल्या, हंसा, राजकुमारी, संधियाँ, नूतन, संगीता यादव, नगीना, तृप्ति, खुशबू, अनिता, लक्ष्मी, सरिता, गायत्री, वेणुका, पिंकी, सुरेखा, पूजा सहित अन्य शामिल हुए।




### पानी बचाने करें सामूहिक प्रयास

इस मौके पर पदमश्री फूलबासन यादव ने कहा कि पानी बचाने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही पानी की गंभीर समस्या का समाधान संभव है। इस अवसर पर शिव कुमार देवांगन ने कहा कि हरियाली बहना ने हजारों पौधे लगाए गए हैं, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिला है। उन्होंने बताया कि कम पानी में तैयार होने वाली मिलेट फसलों को अपनाकर जल संकट को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने किसानों से मिलेट खेती को बढ़ावा देने और जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण, पौधरोपण एवं मिलेट खेती को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया।


HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# राजनांदगांव बना देश में सबसे अधिक क्षमता का सोलर कनेक्शन लगाने वाला जिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत सरकार की प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना एक महत्वाकांक्षी पहल है। जिसका उद्देश्य देश के हर घर तक मुफ्त बिजली पहुंचाना है। इस योजना के तहत उपभोक्ताओं के घरों में रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित करना है तथा बिजली बिल मुफ्त अथवा बहुत कम करना है।

भारत शासन व राज्य शासन द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत रूफटॉप सोलर पैनल लगाने सब्सिडी भी प्रदान की जाती है। जिले में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुक्त बिजली योजना को अभूतपूर्व सफलता मिल रही है। जिला प्रशासन और विद्युत विभाग के संयुक्त प्रयासों से योजना को शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाकर स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में राजनांदगांव जिला देश में सबसे अधिक क्षमता का सोलर कनेक्शन लगाने वाला जिला बन गया है। कलेक्टर की सतत मॉनिटरिंग, नियमित समीक्षा और फील्ड स्तर पर किए गए प्रयासों ने जिले ने यह उपलब्धि हासिल की है। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह की प्रधानमंत्री सूर्यघर मुक्त बिजली योजना के तहत सोलर कनेक्शन बढ़ाने में विशेष सहभागिता रही।

## शहर के साथ-साथ ग्रामों में सोलर पैनल लगवाने वालों का तेजी से बढ़ रहा रूझान

### 3255 घरों में सौर प्रणाली की स्थापना

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुक्त बिजली योजना के तहत जिले में अब तक कुल 6776 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 6381 लाभार्थियों ने वेंडर चयन कर लिया है। जबकि 3255 घरों में सौर प्रणाली की स्थापना पूर्ण हो चुकी है। इनमें से 2218 लाभार्थियों को सब्सिडी का भुगतान भी किया जा चुका है। जिले में अब तक 162 व्यावसायिक सोलर कनेक्शन स्थापित हो गए है। जिसकी कुल क्षमता 3.40 मेगावाट है। 3255 घरेलू सोलर कनेक्शन स्थापित हो गए हैं। जिसकी कुल क्षमता लगभग 9 मेगावाट है एवं 31 पॉवर प्लांट के सोलर कनेक्शन स्थापित हो गए हैं। जिसकी कुल क्षमता 383 मेगावाट है। छत्तीसगढ़ सहित समूचे भारत में अब तक सबसे अधिक क्षमता का सोलर कनेक्शन राजनांदगांव में मेसर्स सोलर एनर्जी कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ढाबा राजनांदगांव में 160 मेगावाट क्षमता का कनेक्शन स्थापित किया गया है।




### ग्रीन एनर्जी बढ़ने से मिलेगा लाभ

कलेक्टर द्वारा ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने और सौर ऊर्जा अपनाने प्रेरित करने की दृष्टि से योजना में सक्रिय भागीदारी करने वाले लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है। इससे अन्य नागरिकों में भी प्रोत्साहन बढ़ा है। जिला प्रशासन द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुक्त बिजली योजना का लाभ लेकर घरों में सौर पैनल स्थापित कर स्वच्छ सस्ते एवं निरंतर ऊर्जा स्त्रोत से देश को सशक्त बनाने की अपील की गई है।

## सार समाचार

### उसरीबोड़ में 16 को कबीर प्राकट्य उत्सव



**राजनांदगांव।** पंथ श्री हुजूर प्रकाश मुनि नाम साहेब एवं पंथ श्री हुजूर उदीत मुनि नाम साहेब की दया से पुज्य महंत त्रिलोकी दास साहेब के कर कमलों से कबीर पंथी समाज एवं उसरीबोड़ के ग्रामवासियों के सहयोग से आगामी 16 जून को कबीर प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मनाई जाएगी। समिति के अध्यक्ष पुनारद साहू एवं सचिव डुमन साहू ने लोगों से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### मरम्मत कार्यों के लिए प्रशासकीय स्वीकृति

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने बाढ़ व अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त 32 अधोसंरचनाओं की तात्कालिक मरम्मत कार्यों के लिए आपदा राहत निधि मद अंतर्गत 5 करोड़ 69 लाख 58 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। राजनांदगांव विकासखंड अंतर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में एनीकट तटबंध संरक्षण कार्य निर्माण के लिए 2 करोड़ 98 लाख 58 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके तहत भरेंगांव के लिए 49 लाख 72 हजार रुपए, जंगलेशर-मोखला के लिए 49 लाख 57 हजार रुपए, धामनसरा मोहड़ के लिए 49 लाख 94 हजार रुपए, रातापायली के लिए 49 लाख 83 हजार रुपए, मोखली के लिए 49 लाख 78 हजार रुपए, दाउटोला के लिए 49 लाख 74 हजार रुपए एनीकट तटबंध संरक्षण कार्य निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी तरह अन्य कार्यों के लिए भी प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट प्रतिबंधित

**राजनांदगांव।** संचालनालय मछली पालन विभाग द्वारा वर्षा ऋतु के दौरान मछलियों की वंशवृद्धि एवं संरक्षण को ध्यान में रखते 16 जून से 15 अगस्त 2026 तक जिले के सभी नदी, नालों एवं अन्य प्राकृतिक जल संसाधनों में मत्स्याखेट पर प्रतिबंध लगाया गया है। प्रतिबंध अवधि के दौरान ऐसे तालाब एवं जलस्त्रोत, जिनका संबंध नदी-नालों से नहीं है तथा जलाशयों में संचालित केज कल्चर इकाइयों को प्रतिबंध से पृथक रखा गया है। इनके अतिरिक्त सभी प्रकार के जल संसाधनों में मत्स्याखेट कार्य पूर्ण निषिद्ध रहेंगी।

### आईटीआई में 16 को कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन

**राजनांदगांव।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में 16 जून को सुबह 9.30 बजे से विजन इंडिया सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड द्वारा मारूति सुजुकी मोटर्स इंडिया लिमिटेड हंसलपुर गुजरात प्लांट के लिए कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया है। वर्ष 2018 से 2025 तक फिटर, डीजल मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, टर्नर, मशीनिष्ट, वेल्डर, विद्युतकार, टूल एण्ड डाई मेकर, आटोमोबाईल, ट्रेक्टर मेकेनिक, पेंटर जनरल व्यवसाय में आईटीआई उत्तीर्ण 18 से 26 वर्ष के पुरूष प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक एवं आवश्यक प्रमाण पत्र 10वीं, आईटीआई, आधार कार्ड, पेनकार्ड, दो पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ के साथ शामिल हो सकते हैं।

### कुमर्दा मंडल की पदाधिकारियों की घोषणा

**राजनांदगांव।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति तथा भाजपा राजनांदगांव जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की अनुशंसा पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष गोपाल सिंह भुआर्य द्वारा मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा की गई। डोंगरगढ़ शहर मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार कंडरा, उपाध्यक्ष मैनाक्ष कंडरा, नागेश हिरोंदिया, आशाबाई मंडावी, मुकेश उईके, महामंत्री सुरज कंडरा, जयदेव कंडरा, मंत्री नितेश कुमार, आशुतोष मरावी, विकास रावटे, शैलेन्द्र, सोशल मीडिया प्रभारी प्रताप मंगर, कोषाध्यक्ष अमरनाथ मंडावी, सह-कोषाध्यक्ष भोलाराम, मीडिया प्रभारी ऋषभ शामिल हैं। इसी तरह कुमर्दा मंडल अध्यक्ष भूपेन्द्र नायक, उपाध्यक्ष होरीलाल रावटे, पुनाराम, नागेन्द्र नेताम, पुष्पाबाई रावटे, चेतन कोमरे, महामंत्री भोलाराम रावटे, पवन खरे, कोषाध्यक्ष टूम्मन भुआर्य, सह-कोषाध्यक्ष मिथलेश धलेन्द्र, मंत्री हेमंत भेड़िया, गोविंद जुरेसिया, नेमिनबाई भंडारी, कमलेश्वरी कोटरे, ठगीया राणा, कार्यालय मंत्री दिनेश माहला, मीडिया प्रभारी दिलीप राणा, मीडिया सह-प्रभारी धर्मेन्द्र मंडावी, सोशल मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र कोसमा, मन की बात प्रभारी शिवकुमार मंडावी, प्रचार-प्रसार प्रमुख देवलाल ठाकुर, आईटी सेल प्रमुख धन्नु रावटे, नारी शक्ति प्रभारी खेमिन केराम शामिल है।

### प्रधानमंत्री की प्रगतिशील सोच ने देश को आगे बढ़ाया

**राजनांदगांव।** भाजपा नेता अशोक चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष बेमिसाल कार्यक्रम देशभर सहित छत्तीसगढ़ में धूमधाम से मनाया जा रहा है। भाजपा कार्यकर्ता बैठक लेकर मोदी के कार्यकाल की उपलब्धियों को गिना रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में राष्ट्र प्रथम को दृष्टिकोण बनाते अनेक कार्य किए गए हैं। जिसमें असंभव सा लगने वाला जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाना।



मुस्लिम महिलाओं के लिए तीन तलाक से छुटकारा दिलाना, देशभर से नक्सलवाद का खात्मा करना, जम्मू कश्मीर से आतंकवाद को हटाना, मंगलयान अभियान का पहले प्रयास में ही सफल होना और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर अपना उपग्रह उतारने में सफलता यह वैश्विक उपलब्धि है। इसके अलावा सामरिक दृष्टिकोण से चीन के मुकाबले लगभग बराबरी की स्थिति में देश को खड़ा करना, नेक प्रक्षेपास्त्र का सफल परीक्षण कर दुनिया को अचंभित करना, 25 करोड़ गरीब लोगों को गरीबीरेखा से ऊपर लाना, ऐसे अनेक कार्यक्रम मोदी की प्रगतिशील सोच ने देश को आगे बढ़ाया है।उन्होंने कहा कि उन्होंने हिंदुत्व नवजागरण सामाजिक समरसता और धार्मिक उद्देश्य में श्रीराम मंदिर बनाकर देश के धर्मप्रेमी जनता को बड़ी सौगात दी है। 12 वर्ष के पश्चात प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू के प्रधानमंत्री काल के रिकॉर्ड को तोड़कर प्रधानमंत्री पद पर रहने का मोदी ने रिकॉर्ड बनाया है।

### चाकू लहराकर डराने वाला पकड़ाया

**राजनांदगांव।** कटारनुमा चाकू लहराकर लोगों को डराने-धमकाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।
पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत पेट्रोलिंग के दौरान 12 जून को स्टेशनपारा बुद्ध गली में कटारनुमा चाकू लहराते आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहे व्यक्ति को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर अपना नाम दिनेश भावे 45 वर्ष पता स्टेशनपारा बताने पर आरोपी के कब्जे से एक नग धारदार कटारनुमा चाकू बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर विधिवत गिफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया और आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

## नगरीय प्रशासन सचिव ने की शहरी योजनाओं की समीक्षा

# टीम वर्क के साथ शहर विकास और स्वच्छता के लिए करें कार्य - शंगीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग सचिव आर. शंगीता ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में नगरीय निकायों अंतर्गत शहरी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर कलेक्टर जितेन्द्र यादव उपस्थित रहे।

सचिव सुश्री शंगीता ने कहा कि नगरीय निकाय किसी भी प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण है। शहरों में विभिन्न तरह की सुविधाएं नागरिकों के लिए उपलब्ध होती है। जिसके दृष्टिगत नगरीय प्रशासन को बेहतर बनाना और शासन की योजनाओं का बेहतरीन क्रियान्वयन कराना अधिकारियों के लिए महत्वपूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण कार्य भी है। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय अंतर्गत विभिन्न वार्डों के लिए नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, ताकि सभी नोडल अधिकारी समग्र दृष्टिकोण से अपने संबंधित वार्ड एवं क्षेत्रों के संबंध में पूरी जानकारी रखेंगे एवं नियमित मानिटरिंग करेंगे। वे अपने क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का चिन्हांकन, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, स्वच्छता एवं अन्य जानकारी से लैस रहेंगे। उन्होंने कहा कि विभिन्न कार्यों के लिए स्वीकृत की गई। शासन की राशि का सदुपयोग करते गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय पर कार्य पूर्ण होना चाहिए।



### जमीन स्तर पर करें निरीक्षण

उन्होंने नगर निगम आयुक्त एवं सीएमओ सहित सभी अधिकारियों को सक्रियता, ऊर्जा एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी वार्डों में जाएं व जमीन स्तर पर निरीक्षण एवं सर्वे करें तथा योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें। आपसी समन्वय एवं सहयोग से सभी टीम वर्क में शहर के विकास एवं स्वच्छता के लिए कार्य करें।

### सफाई कार्य जारी

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने नगर निगम अंतर्गत किए जा रहे विभिन्न कार्यों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नगरीय क्षेत्रों में साफ-सफाई का कार्य जारी है। वही बारिश के मौसम को ध्यान में रखते नाले की सफाई भी की जा रही है। इस अवसर पर आर एक्का, सुरूचि सिंह, शशांक पाण्डे, सचित साहू, सुनील अग्रहरि, जयप्रकाश साहू सहित नगर पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, तकनीकी अधिकारी, नोडल अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### बारिश के पहले करवाएं नालियों की साफ-सफाई

सचिव सुश्री शंगीता ने कहा कि बारिश के दिनों में ऐसे स्थान जहां जल भराव की स्थिति बन सकती है, उसका चिन्हांकन करते बारिश के पहले सभी नालियों की साफ-सफाई करवाएं। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में पानी से होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि दरों की स्वीकृति समय पर होनी चाहिए। उन्होंने रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एएचपी अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने आवासों के आधिपत्य एवं हितग्राहियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों को शीघ्र पूर्ण करने तथा जियो टैगिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन आवासों के छत, प्लिंथ, फाउंडेशन का कार्य बारिश के पहले पूर्ण करने कहा। सचिव सुश्री शंगीता ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत सार्वजनिक शौचालय के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने प्राथमिकता से शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देते कार्य करने कहा।

## भागवत कथा का वाचन 15 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



नगर के वार्ड 7 में इन दिनों भक्ति की बयार बह रही है। यहां श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन आदर्श महिला मानस मंडली के तत्वावधान में किया गया है। यह धार्मिक अनुष्ठान 15 जून तक चलेगा। कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक किया जा रहा है।

संगीतमय कथा के मुख्य कथाव्यास गौरमाटी वाले पंडित संतोष पांडे हैं, जिनके मुखारविंद से प्रवाहित हो रही ज्ञान गंगा का रसपान करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। परायणकर्ता पं. गौरव पांडे हैं।

इस धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में गंडई की मातृशक्ति और आयोजक मंडली जुटी है। आयोजन समिति में विजयरानी अग्रवाल, लता तिवारी, सुभद्रा चंदेल, रागिनी तिवारी, महालक्ष्मी ताम्रकार, माला सेन, प्रियंका गुप्ता, ममता राजपूत, मनोरमा वैष्णव, ज्योति मिश्रा, मंदाकिनी साहू, यांत्री पड़वार और सविता ठाकुर सहित अन्य हैं। आयोजक समिति ने धर्मप्रेमी जनता से कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया है।

## टीम इंडिया की उप कप्तान पहुंची रायपुर



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

टीम इंडिया की उपकप्तान (अंडर-19) बनने पर महक नरवासे छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के डायरेक्टर बलदेव सिंह भाटिया, विजय शाह एवं बीसीसीआई के संयुक्त सचिव प्रभतेज सिंह भाटिया का आशीर्वाद लेने रायपुर पहुंची। सभी ने राजनांदगांव की इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी के उज्वल भविष्य की कामना करते उचित मार्गदर्शन दिया।

बलदेव सिंह भाटिया ने क्रिकेट प्रेमियों के समक्ष इस सुखद सहयोग की चर्चा करते बताया कि छत्तीसगढ़ के लिए यह ऐतिहासिक अवसर है कि एक सप्ताह में दो हमारे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों का चयन भारतीय टीम में हुआ है। विगत दिनों छत्तीसगढ़ के आयुष पांडे का चयन इंडिया ए की टीम में हुआ था । प्रभतेज सिंह भाटिया ने भेंट के दौरान बताया कि छत्तीसगढ़ में ऐसी कई प्रतिभाएं हैं, जो आने वाले समय में निश्चित ही टीम इंडिया का हिस्सा बनेंगे। महक नरवासे के साथ छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के काउंसिल सदस्य अजय पांडे, योगेश बागड़ी एवं घनश्याम उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं



जिले के लिए कल का दिन उपलब्धियों भरा रहा, जहां जिले की होनहार बालिका महक नरवासे ने भारतीय क्रिकेट टीम अंडर-19 में न केवल चयन हासिल किया। अपितु उप कप्तान के रूप में भी वह इंडियन अंडर-19 क्रिकेट टीम में शामिल हुई। जिसके लिए कलेक्टर जितेंद्र यादव, जिला वन मंडल अधिकारी आयुष जैन एवं विश्वास डिप्टी कलेक्टर राजनांदगांव तथा प्रवास कुमार सिंह बघेल जिला शिक्षा अधिकारी ने महक नरवासे के निवास में जाकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## मिली स्वीकृति, अब विधि महाविद्यालय में विद्यार्थी कर सकेंगे एलएलएम की पढ़ाई

- नांदगांव शिक्षा मंडल का आभा मंडल और निखरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नांदगांव शिक्षा मंडल राजनांदगांव की शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को और ज्यादा ऊंचाई प्राप्त हुई है। बहु प्रतिक्षित एलएलएम कक्षाओं के संचालन को उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई।

25 सीटों के लिए मिली हरी झंडी ने नगर के पं. किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय में विधि की शिक्षा ग्रहण कर रहे भविष्य के अधिवक्ताओं के लिए स्वर्णिम भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 से उक्त पाठ्यक्रम में विद्यार्थी प्रवेश ले सकेंगे।

नांदगांव शिक्षा मंडल के अध्यक्ष सुरेश एच. लाल अधिवक्ता ने बताया कि पं. किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय द्वारा संचालित तीन वर्षीय एलएलबी शिक्षा के लिए भी 40 अतिरिक्त सीट प्रदान की गई है । साथ ही अब एलएलएम जैसे उच्च स्तरीय पाठ्यक्रम के लिए मिली स्वीकृति संस्था की प्रतिबद्धता के दृष्टिकोण से मील का पत्थर साबित होगी। नगर में एलएलएम पाठ्यक्रम की मान्यता हेतु विशेष रूप से विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के प्रयास के लिए नांदगांव शिक्षा मंडल ने कृतज्ञता प्रकट की है। स्थानीय प्रशासन सहित जनप्रतिनिधियों ने भी एलएलएम स्वीकृति के लिए अपना अमूल्य योगदान किया । संस्था के श्रीकिशन खंडेलवाल, अनिल वार्ष्णेय, कमलेश उभरानी, उमेश अग्रवाल, अशोक कोटड़िया, अशोक चौधरी, किशोर बेलावाला, जितेंद्र मिश्रा, सचिन अग्रहरि, विधि महाविद्यालय के प्रशासक डॉ. आरएन सिंह सहित संस्था के अन्य सदस्यों ने उक्त उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दी है।



## पुलिस और मुस्लिम समाज की बैठक में निर्णय

# राज्य वक्फ बोर्ड का निर्देश: मोहर्रम में डीजे धुमाल, बैंड-बाजा, नाच-गाना प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोहर्रम पर शेर बनकर नाच-गाना करते कानून व्यवस्था बिगड़े जाने के मामले को लेकर इस पर प्रतिबंध लगाने मुस्लिम समाज के ज्ञापन के बाद पुलिस और मुस्लिम समाज की अहम बैठक आयोजित की गई। जिसमें कई निर्णय लिए गए हैं। राज्य वक्फ बोर्ड के निर्देश पर मुहर्रम पर्व के दौरान शेर या अन्य का स्वांग धारण कर नृत्य, प्रदर्शन एवं अन्य गैर-पारंपरिक गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। उक्त नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने की बात कही गई है।

आगामी 16 जून से मुहर्रम पर्व का 10 दिवसीय पर्व शुरू हो रहा है। इस पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, एसडीएम गौतम पाटिल, नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर किरो, उप पुलिस अधीक्षक केपी मरकाम एवं अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, जुलूस मार्ग, यातायात प्रबंधन एवं कानून व्यवस्था संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



**होगी कठोर कार्रवाई** : इस बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा जारी निर्देशों की जानकारी देते बताया गया कि मोहर्रम में डीजे, धुमाल, बैंड-बाजा, नाच-गाना एवं आतिशबाजी पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही मुहर्रम के दौरान शेर या अन्य का स्वांग धारण कर नृत्य, प्रदर्शन एवं अन्य गैर-पारंपरिक गतिविधियों से दूर रहने की समझाइश दी गई।

### शांति के साथ मनाए पर्व

अधिकारियों ने सभी आयोजन समितियों एवं समाज के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे शासन, प्रशासन एवं वक्फ बोर्ड के निर्देशों का पालन करते शांति, अनुशासन एवं भाईचारे के साथ पर्व मनाएं। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि नियमों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित व्यक्तियों एवं समितियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि शहर में एनांउसमेंट कराकर शेर समाज द्वारा नहीं बनने की समझाईश दिया गया है और ऐसा करने पर समाज जिम्मेदार नहीं होगा।

## लक्ष्मी बनीं बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट

- बॉलीवुड अभिनेत्री महक ने किया पुरस्कृत

**राजनांदगांव।** दुर्ग के एक होटल में मिरर सलोन एवं ब्यूटी एकेडमी तथा आशीष इन्फोटेक के संयुक्त तत्वावधान में भव्य ब्यूटी फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इस समारोह में राजनांदगांव के कन्हारपुरी स्थित पंखुड़ी ब्यूटी पार्लर की संचालिका लक्ष्मी सादानी ने अपनी उत्कृष्ट कला और कौशल का परिचय देते बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट का प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया।

मुख्य अतिथि बॉलीवुड अभिनेत्री महक चहल ने उन्हें इस उपलब्धि के लिए मंच पर सम्मानित किया। लक्ष्मी सादानी की इस सफलता से राजनांदगांव के सौंदर्य एवं फैशन जगत में हर्ष का माहौल है। कार्यक्रम की आयोजक व मिरर सलोन की संचालिका परी चंद्राकर एवं आशीष चंद्राकर ने बताया कि इस स्तर के भव्य आयोजन अमूमन मेट्रो शहरों तक ही सीमित रहते हैं।



आवश्यकता है
अनुदेशक (इलेक्ट्रिशियन)
योग्यता : बी.ई/डिप्लोमा/आई.टी.आई.
इच्छुक उम्मीदवार बायोडाटा एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ विज्ञापन प्रकाशन से 15 दिवस के अंदर आवेदन करें। वेतन योग्यतानुसार।
कमलादेवी प्राईवेट आई.टी.आई.
अंबागढ़ चौकी रोड़ मोहड़, डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)
मो. 9098826123, 9893176801, ईमेल-kamladeviiti55@gmail.com

### समस्या : कोलेगांव से अमलीमालगी नहर पार तक 2 किमी सड़क की हालत खस्ता

# जर्जर सड़क बनी ग्रामीणों के लिए मुसीबत बरसात से पहले मरम्मत कार्य की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना के तहत निर्मित कोलेगांव से अमलीमालगी नहर पार तक की लगभग दो किलोमीटर लंबी सड़क बदहाली की शिकार हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे, चौड़ी दरारें और उखड़ी हुई डामर की परतें ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बन गई हैं। बरसात की दस्तक के बीच क्षेत्रवासियों की चिंता बढ़ गई है। उनका कहना है कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो आने वाले दिनों में आवागमन बाधित होने के साथ दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ जाएगा।

ग्रामीणों के अनुसार यह सड़क क्षेत्र की जीवनरेखा मानी जाती है। लंबाई में भले ही यह मात्र दो किलोमीटर हो, लेकिन यह मार्ग मुख्य सड़क से जुड़कर करीब 20 से 25 गांवों को कुंडा से जोड़ता है। अमलीमालगी, कुआंमालगी, भटरूसे, पथरी, कंझेटी, सोमनापुर, मोतेसरा, सैहामालगी, कोयलारी सहित अनेक गांवों के लोग प्रतिदिन इसी मार्ग से आवागमन करते हैं। किसानों को बैंक, बाजार एवं अन्य शासकीय कार्यों के लिए नियमित रूप से कुंडा जाना पड़ता है।

वहीं छात्र-छात्राएं हॉयर सेकेण्डरी स्कूल एवं कॉलेज पहुंचने के लिए इसी सड़क पर निर्भर हैं। सड़क की जर्जर स्थिति के कारण दोपहिया वाहन चालकों को विशेष रूप से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर सड़क पूरी तरह उखड़ चुकी है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि सड़क की तत्काल तकनीकी जांच कर आवश्यक मरम्मत कराई जाए। यदि सड़क की गारंटी अवधि शेष है तो संबंधित एजेंसी से मरम्मत कराई जाए और यदि अवधि समाप्त हो चुकी है तो नवीनीकरण के लिए शीघ्र राशि स्वीकृत कर निर्माण कार्य शुरू कराया जाए, ताकि बरसात के दौरान लोगों को राहत मिल सके।



#### बारिश में बढ़ सकता है संकट, हादसों का खतरा

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढे अभी से परेशानी का कारण बने हुए हैं। मानसून शुरू होने के बाद इन गड्ढों में पानी भर जाने से स्थिति और गंभीर हो सकती है। ऐसे में राहगीरों को सड़क की वास्तविक स्थिति का अंदाजा नहीं लग पाएगा, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाएगी। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि बरसात से पहले सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो कई गांवों के लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए जनहित को देखते हुए सड़क की तत्काल मरम्मत अथवा नवीनीकरण कराए जाने की आवश्यकता है।

#### इन गांवों के लोगों की जीवनरेखा है यह सड़क

कोलेगांव से अमलीमालगी नहर पार तक की यह सड़क क्षेत्र के अनेक गांवों को मुख्य मार्ग से जोड़ती है। अमलीमालगी, कुआंमालगी, भटरूसे, पथरी, कंझेटी, सोमनापुर, मोतेसरा, सैहामालगी, कोयलारी सहित 20 से अधिक गांवों के ग्रामीण प्रतिदिन इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। किसानों के लिए बैंक एवं बाजार तक पहुंचने तथा छात्र-छात्राओं के लिए स्कूल और कॉलेज आने-जाने का यह प्रमुख रास्ता है। सड़क की जर्जर स्थिति से पूरे क्षेत्र का आवागमन प्रभावित हो रहा है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं को दी योजनाओं की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुसरा

मुसरा- मुरमुंदा मंडल की मासिक बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए मंडल, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर नियमित बैठकों के आयोजन तथा योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया।

बैठक में मंडल प्रभारी चंद्रिका प्रसाद डड़सेना ने मोदी सरकार की उपलब्धियों, विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी कार्यकर्ताओं को दी। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन बूथ स्तर तक मजबूत होना चाहिए। बैठक में कम उपस्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए मंडल पदाधिकारियों एवं विभिन्न मोर्चों के जिम्मेदारों से नियमित सहभागिता सुनिश्चित करने की बात कही।

बैठक में रामावतार वर्मा, तीजऊ वर्मा, नकुल वर्मा, अजय सिन्हा, लोमस वर्मा, पुरुषोत्तम देवांगन, मूलचंद साहू, उत्तम साहू, दुर्गेश कुमार, ललेश साहू, सलेखा वर्मा, पप्पू देवांगन, दिनेश साहू, गिरधारी साहू सहित अन्य मौजूद थे।

#### गतिविधियां तेज करने के निर्देश

मंडल सह प्रभारी रामकुमार गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक माह मंडल, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर की बैठकें तथा मन की बात सहित संगठन के सभी कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएं। बैठक को मूलचंद लोधी, प्रशांत कोड़पे एवं लता सिन्हा ने भी संबोधित किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण वर्मा ने आगामी एक सप्ताह के भीतर सभी मोर्चों, प्रकोष्ठों, बूथ अध्यक्ष, प्रभारी, संयोजक एवं सह-संयोजकों के गठन की प्रक्रिया पूर्ण करने की घोषणा की।

### खबर संक्षेप

#### कुष्ठ मुक्त जिले की दिशा में स्वास्थ्य विभाग की पहल

**कवर्धा।** जिले में कुष्ठ रोग के उन्मूलन तथा समुदाय में इसके संक्रमण को रोकने के उद्देश्य से 15 जून से 15 जुलाई तक सघन कुष्ठ खोज अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर पहुंचकर लोगों की जांच करेगी तथा संभावित मरीजों की पहचान कर उनका समय पर उपचार सुनिश्चित करेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ देवेंद्र तूरे ने बताया कि कुष्ठ रोग की प्रारंभिक अवस्था में पहचान और उपचार से न केवल रोग के प्रसार को रोका जा सकता है, बल्कि इससे होने वाली विकलांगता से भी बचाव संभव है। इसी उद्देश्य से जिले में व्यापक स्तर पर सर्वेक्षण अभियान की तैयारी पूरी कर ली गई है। अभियान के तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रत्येक घर में जाकर परिवार के सभी सदस्यों की स्क्रीनिंग करेंगे। जांच के दौरान कुष्ठ रोग के संभावित लक्षण पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों की आवश्यक जांच एवं पुष्टि कराई जाएगी। रोग की पुष्टि होने पर उन्हें राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम की मार्गदर्शिका के अनुसार निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगा।

**NAME CHANGE**

I, hitherto known as Kileswari W/o Gendlal R/o baghamuda, Pendra, PO. Dashrangpur, DIST. Kabeerdham, (Chhattisgarh)-491336 have changed my name and shall hereafter be known as Khileshwari Sahu

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

**Kileswari**
Signature(in existing Old Name)
Name of Applicant Kileswari

न्यायालय तहसीलदार पण्डरिया, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र............121 / वर्ष 2025-26

आवेदक - सुरेन्द्र पिता बिरेन्द्र निर्मलकर जाति धोबी निवासी ग्राम डोगरियाकला तहसील पण्डरिया जिला- कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार द्वारा आम जनता ग्राम डोगरियाकला प.ह.नं. 45 सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेन्द्र पिता बिरेन्द्र निर्मलकर जाति धोबी साकिन डोगरियाकला तहसील पण्डरिया जिला कबीरधाम छ.ग. के द्वारा आवेदक के दादा जोध्या धोबी पिता समेलाल की मृत्यु दिनांक 01.01.1995 को ग्राम डोगरियाकला में हुआ है। जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान किया जावें ।

इस संबंध में जिस किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति पत्र स्वयं उपस्थित होकर दो प्रति में दिनांक 15.06.2026. समय 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति पत्र को अमान्य समझा जावेगा। आज दिनांक 29.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से ग्राम में ईश्तहार जारी किया गया।

**जारी दिनांक 29.05.2026**
**पेशी दिनांक 15.06.2026**

मुहर
तहसीलदार
पण्डरिया जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

## विधायक भावना ने की पांडातराई में विकास कार्यों की समीक्षा, गुणवत्तापूर्ण कार्य करने दिए निर्देश




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई

पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने नगर पंचायत पांडातराई में चल रहे विकास कार्य, अधोसंरचना निर्माण एवं शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की और उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान भावना बोहरा ने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने, बिजली की व्यवस्था को दुरुस्त करने, प्रधानमंत्री आवास योजना, वर्तमान में हो रहे कार्यों की गुणवत्ता एवं तय समय सीमा पर कार्य को पूर्ण करने तथा उप तहसील कार्यालय में अधिकारियों-कर्मचारियों के कार्यालय में उपस्थिति और कार्यों को प्राथमिकता के साथ तय समय पर पूरा करने निर्देश दिए। इसके साथ ही हितग्राहियों को राशन कार्ड, भू स्वामित्व कार्ड, आयुष्मान कार्ड, भूमिहीन किसानों को आर्थिक लाभ, पेंशन भोगियों को तय समय पर पेंशन जैसे विभिन्न विषयों पर भी चर्चा कर सेवाओं को सुदृढ़ करने की बात कही।

भावना बोहरा ने कहा कि जनता की सुविधाओं का ध्यान रखना एवं केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को दिलाना और विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं तय समय पर पूरा करना ही हमारा प्राथमिक उद्देश्य है। पांडातराई की जनता से हमने जो वादा किया है और नगर की समृद्धि के लिए हमने जो संकल्प किए हैं उसे पूरा करने के लिए हम कटिबद्ध हैं। आज समीक्षा बैठक में बहुत से महत्वपूर्ण विषयों और विकास कार्यों के संबंध में अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा के दौरान मैंनें कई सुझाव एवं दिशा-निर्देश दिए हैं, जिससे नगरवासियों की सुविधा सुनिश्चित होगी वहीं विकास कार्यों में तेजी से यहां की जनता को लाभ मिलेगा।

हमारा उद्देश्य एवं लक्ष्य स्पष्ट है कि पूर्ण पारदर्शिता के साथ जनता की आकांक्षाओं और क्षेत्र की प्रगति के लिए हम कार्य करें। भ्रष्टाचार को समाप्त कर विकास कार्यों को गति देना जिससे नगरवासियों को सुविधा और योजनाओं का लाभ मिल सके और उनकी उन्नति के साथ हमारे पंडरिया विधानसभा एवं प्रदेश की प्रगति भी सुनिश्चित हो सके। सुशासन के संकल्प के साथ हमारी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाकर काम कर रही है ताकि जनता को सुविधाओं और योजनाओं का पूर्ण लाभ मिले।

#### 20 करोड़ रुपए से अधिक की मिली स्वीकृति

भावना बोहरा ने बताया कि प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में डबल इंजन भाजपा सरकार बनने के बाद से नगर पंचायत पांडातराई में विकास कार्यों, अधोसंरचन निर्माण हेतु 20 करोड़ रुपए से अधिक की स्वीकृति मिली है और कार्य प्रगति पर हैं एवं कई कार्य पूर्ण हो चुके हैं। पांडातराई में उप तहसील की स्थापना केवल एक प्रशासनिक सुविधा नहीं, बल्कि जनता को उनके द्वार पर बेहतर शासन और त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आज नगर में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। नगर वासियों की बहुप्रतीक्षित मांग पांडातराई बायपास, पांडातराई नगर से फास्टरपुर मार्ग, पोंड़ी-पांडातराई-पंडरिया मार्ग में (एनएच 130) हॉफ नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य की स्वीकृति मिली है। आज नगर में प्रयाप्त प्रकाश व्यवस्था के लिए हाई मास्ट लाइट एवं स्ट्रीट लाइट, नगर के प्रमुख चौक-चौराहों का सौन्दर्यीकरण, तालाबों का सौन्दर्यीकरण, विद्यालयों में छात्र के लिए सुविधाओं का विस्तार, सीसी रोड एवं नाली निर्माण, पर्याप्त पेयजल एवं बिजली की आपूर्ति सामुदायिक भवन,मुक्तिधाम, शेड निर्माण जैसे कई विकास कार्य एवं परियोजनाएं आकार ले रहीं है। इन सभी योजनाओं और विकास कार्यों से ही आज हमारा नगर पंचायत पांडातराई विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा है और जनता को भी आर्थिक एवं सुविधाओं का लाभ मिल रहा है जिसके प्रति हम कृतसंकल्पित हैं।

## छात्र छात्राओं ने सफलतापूर्वक पूर्ण की 10 दिवसीय बैंकिंग इंटर्नशिप



■ छात्राओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर शुभकामनाएं दी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय कवर्धा में विगत दस वर्षों से संचालित व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं एवं बीमा विषय का अध्ययन कर रही छात्र छात्राओं के लिए 10 दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में कक्षा 11वीं की 41 तथा कक्षा 12वीं की 39 छात्राओं ने सहभागिता की। बैंकिंग विषय के प्रशिक्षक शिवकुमार सिन्हा ने बताया कि छात्राओं को छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक एवं अन्य वित्तीय संस्थानों में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

इंटर्नशिप के दौरान छात्राओं ने बैंकिंग कार्यप्रणाली, खाता संचालन, नकद लेन-देन, ग्राहक सेवा, डिजिटल बैंकिंग, वित्तीय प्रबंधन तथा विभिन्न बैंकिंग सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही उन्हें वित्तीय संस्थानों की कार्य संस्कृति, अनुशासन एवं पेशेवर दायित्वों से भी अवगत कराया गया।

इस प्रशिक्षण से छात्राओं को पाठ्यपुस्तकों में प्राप्त सैद्धांतिक ज्ञान को व्यवहारिक रूप से समझने का अवसर मिला। बैंकिंग क्षेत्र की वास्तविक कार्यप्रणाली को नजदीक से देखने एवं समझने के कारण उनमें वित्तीय साक्षरता, प्रबंधन कौशल तथा आत्मविश्वास में वृद्धि हुई। यह अनुभव भविष्य में बैंकिंग एवं वित्तीय क्षेत्र में करियर निर्माण के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगा। इंटर्नशिप पूर्ण होने पर आयोजित प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य आरपी सिंह एवं छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के अधिकारी पियूष अवधिया ने छात्राओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि व्यावसायिक शिक्षा विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी बनाते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित करती है। विद्यालय परिवार ने इस सफल आयोजन के लिए बैंक प्रबंधन, प्रशिक्षकों एवं छात्राओं को बधाई देते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

#### दीपक कुमार ठाकुर बने पंडरिया के नए विकासखंड शिक्षा अधिकारी



**पंडरिया।** छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरझिटी (पुराना) में पदस्थ प्राचार्य दीपक कुमार ठाकुर को पंडरिया विकासखंड का नया विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) नियुक्त किया गया है। उन्होंने शुक्रवार को अपना पदभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद श्री ठाकुर ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, विद्यालयों की नियमित मॉनिटरिंग तथा शिक्षकों एवं कर्मचारियों की समस्याओं के त्वरित निराकरण को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शिक्षकों के सहयोग से बेहतर शैक्षणिक वातावरण निर्माण की बात कही। श्री ठाकुर की नियुक्ति पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शिक्षकों में खुशी का माहौल है। पदभार ग्रहण अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी एमके गुप्ता, कर्मचारी फेडरेशन के अध्यक्ष प्रफुल्ल बिसेन, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष मोहन राजपूत, सचिव शत्रुघ्न डड़सेना, संरक्षक संतोष साहू, संतोष सोनी, प्रधान पाठक राजकुमार पाठक सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थें। उपस्थित जनों ने श्री ठाकुर को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजयुमो ने किया हनुमान चालीसा पाठ एवं महाआरती

■ श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर सहित विभिन्न स्थानों पर धार्मिक आयोजन हुए।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजयुमो द्वारा जिलेभर में हनुमान चालीसा पाठ, महाआरती एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी एवं भाजयुमो जिलाध्यक्ष उमंग पाण्डेय के नेतृत्व में कवर्धा के श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर सहित विभिन्न स्थानों पर धार्मिक आयोजन हुए।

इस दौरान कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा एवं रामायण पाठ किया तथा महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष उमंग पांडेय ने कहा कि इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु के लिए भगवान हनुमान एवं भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना की गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर नई पहचान बनाई है। कार्यक्रम में सियाराम साहू, रामकुमार भट्ट, नितेश अग्रवाल, विक्की अग्रवाल, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी सहित भाजपा एवं भाजयुमो के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, मातृशक्ति और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थें ।

## एकजुट हुए स्वयंसेवी संगठन, जिले को एनीमिया मुक्त बनाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिले को एनीमिया मुक्त बनाने के संकल्प के साथ जिले के प्रतिष्ठित स्वयंसेवी संगठनों ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। हाल ही में कवर्धा स्थित ग्रामोदय ग्राम विकास समिति के कार्यालय में 10 जून को एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य जिले से एनीमिया (खून की कमी) को जड़ से समाप्त करने के लिए एक सामूहिक रणनीति तैयार करना था। बैठक में राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़ों पर विशेष चर्चा की गई। (2019-21) के अनुसार, छत्तीसगढ़ राज्य में 15 से 49 वर्ष की आयु वर्ग की लगभग 61 प्रतिशत महिलाएं एनीमिया से ग्रसित पाई गई थीं। हालांकि, हालिया एनएफएचएस -6 के तथ्यों में कुछ प्रमुख स्वास्थ्य संकेतकों के मापदंडों में बदलाव किए गए हैं और एनीमिया डेटा को नई कार्यप्रणाली के तहत अलग से ट्रैक करने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है, लेकिन एनएफएचएस-5 के आंकड़े आज भी नीति निर्माताओं और समाज सेवियों के लिए एक महत्वपूर्ण बेंचमार्क (आधार) के रूप में कार्य करते हैं। यह आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि कुपोषण और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी को दूर करना जिले की स्वास्थ्य प्राथमिकता होनी चाहिए।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हादसा: दुर्घटना के बाद डीजल लूटने मौके पर उमड़ी लोगों की भारी भीड़

# डीजल भरा टैंकर वाहन पेड़ से टकराकर पलटा, चालक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के सहसपुर लोहारा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम जंगलपुर के पास शुक्रवार को डीजल से भरा एक टेंकर वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। बताया जाता है कि इस दुर्घटना में जहां टेंकर चालक और हेल्पर घायल हो गए वहीं टेंकर में भरा हजारों लीटर डीजल बह गया। जिसे लूटने मौके पर क्षेत्र के ग्रामीणों और राहगीरों की भारी भीड़ उमड़ गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर डीजल से भरा एक टेंकर वाहन साजा से कवर्धा की ओर आ रहा था। इसी दौरान स. लोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम जंगलपुर के पास टेंकर अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया और सड़क किनारे पलट गया। टेंकर के पलटने से जहां चालक और हेल्पर घायल हो गए वहीं टेंकर का ढक्कन खुल जाने से डीजल बहने लगा।

जिसके बाद मौके पर डीजल लूटने के लिए क्षेत्र के ग्रामीणों और राहगीरों की भीड़ उमड़ गई। डीजल लेने के लिए कोई डिब्बा लेकर पहुंचा तो कोई बाल्टी और दूसरे बर्तन लेकर मौके पर पहुंच गया। इस बीच घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो घायलों को अस्पताल पहुंचाया और डीजल को सुरक्षित किया। बहरहाल पुलिस प्रशासन द्वारा आगे की कार्यवाही की जा रही है।




### नशे में धुत्त था टैंकर चालक

बताया जाता है कि टेंकर वाहन चालक नशे में धुत्त था आरैर काफी लापरवाही पूर्वक तथा तेज गति से वाहन चला रहा था। जिसके कारण उसने वाहन पर से अपना नियंत्रिण खो दिया और टेंकर पेड़ से टकराकर पलट गया। इसे गनीमत ही कहें की इतनी पड़ी दुर्घटना के बाद भी वाहन सवार चालक और परिचालक बच गए और उन्हें सिर्फ मालूली चोटें ही आई है।

# जरा सी हवा चली नहीं कि पॉवर कट का रोना

## आक्रोशित जनता बोली, भगवान भरोसे है व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोदवागोडान

क्षेत्र में बिजली विभाग की लचर कार्यप्रणाली और लापरवाही एक बार फिर आम जनता पर भारी पड़ने लगी है। पिछले कई महीनों से प्री-मानसून मेंटनेंस और सुधार कार्य के नाम पर दिन-दिन भर बिजली आपूर्ति ठप रखी गई। उपभोक्ताओं ने इस उम्मीद में घंटों की अघोषित कटौती झेली कि मानसून में उन्हें निर्बाध बिजली मिलेगी। लेकिन अब, जब कि बरसात ठीक से शुरू भी नहीं हो पाई है, विभाग के तमाम दावों की हवा निकल गई है।

आलम यह है कि जरा सी हवा चलने या चंद बूंदें टपकते ही पूरे अंचल की बिजली लंबे समय के लिए बंद कर दी जाती है। सवाल उठता है कि अगर पहली बारिश से पहले ही व्यवस्था का यह हाल है, तो फिर महीनों तक किए गए कथित मेंटनेंस और सुधार कार्य का क्या औचित्य था?

लाखों रुपये खर्च करने और जनता को हफ्तों परेशान करने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों के उपभोक्ता यह पूछ रहे हैं कि आखिर सुधार के नाम पर विभाग ने क्या काम किया?




### रटा रटाया जवाब

बिजली गुल होने के बाद आम जनता की परेशानी तब और बढ़ जाती है जब वे इसकी जानकारी लेने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों या कर्मचारियों को जब भी फोन करते हैं तब अव्वल तो लाइनमैन से लेकर क्षेत्रीयअधिकारी के द्वारा फोन रिसीव नहीं किए जाते,और अगर धोखे से बात हो भी गई तो उनके पास एक ही घिसा-पिटा जवाब होता है, पीछे से (ऊपर से) लाइन बंद है। विभाग के इस गैर-जिम्मेदाराना रवैये से अंचल के उपभोक्ताओं में काफी असंतोष है।

### विपक्ष के आरोपों को मिल रहा बल

विभाग की इस घोर लापरवाही के कारण अब अंचलवासियों को विपक्ष का वह तंज भी सही प्रतीत होने लगा है, जिसमें कहा जाता है कि श्पंडरिया तहसील में बिजली व्यवस्था का कोई माई-बाप नहीं है। वर्तमान हालातों को देखकर लोग कहने को मजबूर हैं कि यहां की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से 'भगवान भरोसे' चल रही है।

## खबर संक्षेप

### योजना के तहत मिलेगा 10 लाख तक का अनुदान

कवर्धा। केन्द्र सरकार द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान अंतर्गत खाने की वस्तुएं बनाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना संचालित है। योजना अंतर्गत वर्ष 2026-27 हेतु जिले में 30 हितग्राहियों को लाभान्वित करने का भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक ने बताया कि योजना अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में कार्यरत व कार्य करने के इच्छुक व्यक्ति योजना का लाभ ले सकते है, जिसमें परियोजना लागत का 35 प्रतिशत अधिकतम 10.00 लाख रूपये अनुदान प्रदान की जाएगी। योजना अंतर्गत आवेदन ऑनलाईन पीएमएफएमई के पोर्टल में करना होगा जिसमें फोटो, आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पास बुक, मशीन का कोटेशन व अन्य आवश्यक दस्तावेज अपलोड करना होगा। अधिक जानकारी के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कबीरधाम में संपर्क कर सकते है।

### दिव्यांग को मिली बैटरी चलित ट्रायसिकल

कवर्धा। सुशासन तिहार आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के साथ जरूरतमंद लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बना है। ग्राम मोंहगांव, तहसील पण्डरिया निवासी 85 प्रतिशत अस्थि बाधित दिव्यांग मनुराज बंजारे को आवेदन करने पर बैटरी चलित मोटराइज्ड ट्रायसायकल प्रदान की गई। ट्रायसायकल मिलने से अब उनके लिए आवागमन आसान हुआ है और लंबे समय से अधूरी रह गई शिक्षा तथा आत्मनिर्भर बनने के सपनों को नई दिशा मिली है। यह सहायता उनके लिए केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, सम्मान और बेहतर भविष्य की ओर बढ़ने का सशक्त माध्यम बनी है।

# जमकर गरजे लेकिन मन भरके बरस नहीं पाए बादल

## अंचल का मौसम फिर बदल रहा है अपना मिजाज, तेज आंधी तूफान में पेड़ धराशायी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भीषण गर्मी के बीच मानसून की आहट देते हुए कवर्धा सहित अंचल का मौसम एक बार फिर करवट बदलते दिखाई दे रहा है। इस बनते-बिगड़ते मौसम का बीते दो दिनो से आलम ये है कि सुबह से चटख और तीखी धूप खिल रही है और प्रचण्ड गर्मी व तपिश का प्रकोप भी देखा जा रहा है लेकिन दूसरे पहर के बाद अचानक कवर्धा सहित अंचल का मौसम बदल रहा है।

आसमान में काले बादल छा रहे हैं और तेज आंधी तूफान के साथ बादल जमकर गरज रहे हैं लेकिन मन भरके बरस नहीं पा रहे हैं। मौसम में आ रहे इस बादलाव के चलते खण्ड वर्षा वाले कबीरधाम जिले के कुछ हिस्सों में आंधी-तूफान के साथ हल्की तेज बारिश जरूर देखने को मिल रही है लेकिन अंचल का अधिकांश ईलाका अब भी भीषण गर्मी की मार झेल रहा है।

कवर्धा नगर सहित आसपास के ईलाकों की बाद की जाए तो शुक्रवार को भी मौसम का कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिली। सुबह से खिली चटख और तीखी धूप के बाद दूसरे पहर में अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। देखते ही देखते आसमान में काले बादल छा गए और तेज आंधी तूफान के साथ गर्जना शुरू हो गई लेकिन लगातार गरजने के बाद भी बादल मन भरके बरस नहीं पाए। माना जा रहा है कि मानसून के पूरी तरह से सक्रिय होने तक मौसम में इसी तरह का उतार चढ़ाव चलता रहेगा और लोगों को पूरी तरह गर्मी से राहत पाने कुछ दिनो का और इंतजार करना पड़ेगा।



### मौसम खड़ी कर रहा है समस्या

जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को कवर्धा सहित आसपास के ईलाकों में गरज के साथ चली तेज आंधी तूफान में कवर्धा से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 सिथत ग्राम रानी सागर के बाद एक विशालकाय पेड़ धराशाही हो गया। खबर तो ये भी है कि इस घटना में कुछ वाहन चालक भी चपेट में आए है। लेकिन कोई गंभीर नहीं है। अलबत्ता एनएच में पेड़ गिरने के बाद मार्ग जरूर जाम हो गया। जिसे काफी मसक्कत के बाद हाल कराया जा सकता।

# कवर्धा पुलिस ने नगर में की रात्रिकालीन सरप्राइज चेकिंग



■ संवेदनशील क्षेत्रों में चलाया विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से कबीरधाम पुलिस द्वारा लगातार रात्रिकालीन सरप्राइज चेकिंग अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह बघेल, एसडीओपी आशीष शुक्ला एवं कोतवाली थाना प्रभारी योगेश कश्यप के नेतृत्व में शहर के विभिन्न संवेदनशील एवं सुनसान क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया।

अभियान के दौरान पुलिस टीम ने पुराने बस स्टैंड, रेवाबंद तालाब, नवीन बाजार, लोहारा नाका, नए बस स्टैंड सहित अन्य ऐसे स्थानों का निरीक्षण किया, जहां रात्रि के समय लोगों की अनावश्यक आवाजाही अथवा जमावड़े की शिकायतें प्राप्त होती रही हैं। निरीक्षण के दौरान सुनसान स्थानों पर बैठे लोगों से पूछताछ की गई तथा उन्हें तत्काल वहां से हटाकर आवश्यक समझाइश दी गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह बघेल ने बताया कि जिले में अपराधों की रोकथाम, आमजन में सुरक्षा की भावना बनाए रखने तथा असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देर रात सुनसान स्थानों पर समूह बनाकर बैठने से अप्रिय घटनाओं की आशंका बनी रहती है, इसलिए ऐसे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी गई है।

उन्होंने बताया कि पुलिस की प्राथमिकता नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसी उद्देश्य से शहर के सार्वजनिक स्थलों, प्रमुख चौक-चौराहों, बस स्टैंडों, तालाबों एवं अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित गश्त और आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर भी सतत निगरानी रखी जा रही है। कबीरधाम पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार की सरप्राइज चेकिंग और रात्रिकालीन गश्त आगे भी लगातार जारी रहेगी।

पुलिस प्रशासन ने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन करने तथा अनावश्यक रूप से देर रात सुनसान स्थानों पर बैठने या भीड़ लगाने से बचने का आग्रह किया है, ताकि जिले में सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण कायम रखा जा सके।

# अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर कार्यक्रम 26 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस 26 जून को जिलेभर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा। नशापान की बढ़ती प्रवृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण तथा समाज में नशामुक्ति के पक्ष में सकारात्मक वातावरण निर्मित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

कलेक्टर ने नशापान की रोकथाम के लिए समुदाय में जागरूकता सृजन को आवश्यक बताते हुए सभी विभागों को समन्वित प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि समुदाय की सक्रिय सहभागिता से नशे के विरुद्ध व्यापक जनमत तैयार करना समय की आवश्यकता है। अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल एवं युवा कल्याण, महिला एवं बाल विकास, पंचायत, आबकारी तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा नशामुक्ति संबंधी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

ग्रापं स्तर पर गठित भारत माता वाहिनी को भी विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार नशामुक्ति अभियान से जड़े कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में जनसामान्य की सहभागिता से जागरूकता रैली निकाली जाएगी। वहीं महाविद्यालयों एवं विद्यालयों में नशामुक्ति विषय पर आधारित चित्रकला, भाषण, गीत, नृत्य, नाटक और स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

# रवेली के मकान में मिला ग्रामीण का शव मामले की जांच में जुटी पिपरिया पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के पिपरिया थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम रेवली के एक मकान से ग्रामीण का शव बरामद किया गया। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ग्रामीण की मौत कैसे और किन हालातों में हुई।



पुलिस ने सूचना के आधार पर मौके पर पहुंचकर शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है और अब आगे की कार्यवाही की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को ग्राम रवेली के एक मकान से बदबू आने पर किसी अनहोनी की आशंका के चलते इसकी जानकारी पिपरिया पुलिस को दी। बताया जाता है कि सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जब मकान के भीतर प्रवेश किया तो वहां एक ग्रामीण का शव पड़ा था। जिसकी पहचान महेश दास पिता केवल दास उम्र लगभग 50 वर्ष के रूप में की गई। पुलिस के मुताबिक मृतक का शव करीब तीन-चार दिन पुराना है।

हा लां कि फिलहाल पुलिस ग्रामीण की मौत का कारण बता पाने में असमर्थ है। शव के पीएम के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट होने की बात कही जा रही है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि महेश दास अपने घर में अकेले ही रहा करता था।

मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर नपा कवर्धा द्वारा कार्यक्रम आयोजित

# स्वच्छता दीदियों को वितरित की स्वच्छता किट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, समर्पण, विश्वास एवं जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी एवं उपस्थित टीम ने नगर पालिका कवर्धा में कार्यरत 79 स्वच्छता दीदियों का सम्मान करते हुए उन्हें स्वच्छता किट का वितरण किया गया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश ने स्वच्छता दीदियों के कार्यों की सराहना करते हुए उनके योगदान को समाज और शहर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ बताया। उन्होनें कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से देश में स्वच्छता को जनआंदोलन का स्वरूप दिया है। उन्होंने अपने 12 वर्षों के कार्यकाल में स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूती प्रदान की है।

इसी सोच का परिणाम है कि आज देशभर की लाखों महिलाएं स्वच्छता से जुड़ कार्यों के माध्यम से सम्मानजनक आजीविका प्राप्त कर रही हैं और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बना रही है।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश ने स्वच्छता दीदियों के अथक परिश्रम, अनुशासन एवं समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित कवर्धा बनाए रखने में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रतिदिन विपरीत परिस्थितियों में भी वे पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं सुबह से शहर के प्रत्येक घरो में जाकर स्वच्छता की अलख जगा रही है जिससे स्वच्छता व्यवस्था लगातार बेहतर हो रही है। स्वच्छता दीदियां आज केवल सफाई व्यवस्था का हिस्सा नहीं हैं, बल्कि महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और सामाजिक परिवर्तन की सशक्त मिसाल बन चुकी हैं।



### स्वच्छता दीदीयों को मिले स्वच्छता कीट

स्वच्छता दीदीयों को जूता, मास्क, ग्लब्स, साड़ी, ब्लाउज, पेटीकोट, रेनकोट, एप्रॉन सहित अन्य जरूरत की सामाग्री प्रदान किया गया है ताकि इनको स्वच्छता कार्य करने में किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना करना ना पड़े। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, सभापति बिहारी राम धुर्वे, पार्षद सुनील साहू, शम्भू देवांगन, संजीव कुर्रे, अनिल साहू, हरीश कुंभकार सहित अधिक संख्या मं स्वच्छता दीदी उपस्थित रहे।

# जिले के आश्रम-छात्रावासों की व्यवस्था नहीं सुधरी तो विभाग को सौंपा जाएगा ज्ञापन

■ विधानसभा में भी उठाया जाएगा आश्रम छात्रावासों का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोदवागोडान

आदिम जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित आश्रम छात्रावासों में व्याप्त कथित भर्राशाही और विसंगतियों को लेकर अंचल के जागरूक नागरिकों ने तीखा आक्रोश जताया है।

क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों का आरोप है कि विभाग के भीतर लंबे समय से तमाम वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताएं चल रही हैं। इस सिलसिले में चेतावनी दी गई है कि यदि नए सत्र की शुरुआत से ही व्यवस्थाओं में वांछित सुधार नहीं किया गया और जारी गड़बड़ियों पर कड़ाई से रोक नहीं लगी, तो आगामी महीनों में इसे लेकर उच्चस्तरीय शिकायत की योजना पर विचार किया जा रहा है।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार, छात्रावासों में लंबे कमीशन और लेनदेन के खेल के चलते गैर-विभागीय कर्मचारियों को एक ही स्थान पर दीर्घकालीन प्रतिनियुक्ति पर बनाए रखा गया है, जिससे मूल विभागीय व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इसके साथ ही, आदिवासी बच्चों के कल्याण और विकास के लिए आवंटित होने वाली राशि में फर्जी बिल-वाउचरों के जरिए बड़े पैमाने पर सेंधमारी करने और शासकीय धन को चूना लगाने जैसी गंभीर विसंगतियों की भी लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। इस संबंध में अंचल के जागरूक लोगों ने एक ठोस रणनीति तैयार की है। इसके तहत यदि समय रहते प्रशासन ने इस दिशा में कड़े कदम नहीं उठाए,तो आगामी जुलाई माह में एक प्रतिनिधिमंडल सीधे राजधानी का रुख करेगा।

यह प्रतिनिधिमंडल आदिम जाति कल्याण विभाग के सचिव एवं आयुक्त से मुलाकात कर विभाग में चल रहे इस कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ एक विस्तृत ज्ञापन सौंप कर निष्पक्ष जांच की मांग करेगा साथ ही, इस पूरे मामले की गूंज आगामी मानसून सत्र के दौरान विधानसभा में भी सुनाई दे सकती है, जिसके लिए जनप्रतिनिधियों के माध्यम से सदन में प्रश्न लगाए जाने की पूरी योजना बना ली गई है।